


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



ध्वनि भानुशाली ने अपना ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 09 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 260 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रुपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# सूरत में चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

## पीएम मोदी बोलेः पूरे गुजरात में मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों का सशक्त नेटवर्क तैयार हुआ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सूरत में सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। सूरत के ओलपाड में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेगा मेडिकल कैंप अपने आप में एक बड़ी कल्पना है। लोगों को जोड़ने और इस सेवाभाव के लिए मैं आपको जितनी बधाई दूं उतनी कम है। मैं अक्सर सूरत की सद्भावना, सूरत के लोगों के सामर्थ्य और उनकी इच्छाशक्ति की बात करता रहता हूं। गुलामी के समय में सूरत देश के उन पहले स्थानों में था जहां नमक कानून का विरोध हुआ था। सेवाभाव क्या होता है, सूरत के लोग बखूबी समझते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि लाल किले से मैंने जिन पंचप्राणों की बात की थी उसमें एकता भी था। सूरत की रग—रग में एकता का भाव है। इसलिए सूरत का मेरे



हृदय में विशेष स्थान भी रहा है। बाढ़ और महामारियों ने अनेक बार सूरत की परीक्षा ली है मगर सूरत में एकता के आगे कोई भी चुनौती टिक नहीं पाई है। बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर भविष्य का मार्ग बनाता है। इसी सोच के साथ बीते वर्षों में हमने स्वास्थ्य अवसंरचना के साथ—साथ जन—जागरूकता ,बीमारियों से बचाव, बीमारियों को गंभीर होने से रोकने पर विशेष बल दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरे गुजरात में मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों का सशक्त नेटवर्क तैयार हुआ है। पिछले दो दशकों में मेडिकल कॉलेज 11 से बढ़कर 31 हो चुके हैं। एम्स भी बन रहा है और कई मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित हैं। सूरत से मिले आशीर्वाद को मैं कभी नहीं भूल सकता। यह शहर स्थानीय लोगों, प्रवासियों और कई अन्य लोगों के सामूहिक प्रयासों द्वारा बनाए गए मजबूत आधार पर खूबसूरती से खड़ा है। उनका एक साथ काम करना एकता के पंच प्राणों में से एक का प्रतीक है, मैंने आप सभी को गले लगाने के लिए कहा है! देश के करोड़ों छोटे किसानों का कदम—कदम पर साथ देना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता है। पीएम किसान सम्मान निधि ऐसा ही एक प्रयास है। इस योजना के तहत अब तक देशभर के किसानों के बैंक खातों में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किए जा चुके हैं। पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर बड़ी—बड़ी घोषणाएं होती थीं, लेकिन किसानों के खाते में कुछ पहुंचता नहीं था। लेकिन डबल इंजन की सरकार, किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए काम कर रही है। इसी सच्ची नीयत के कारण ही देश का, गुजरात का किसान बार—बार हमें आशीर्वाद दे रहा है।

# शराब घोटाला पर भाजपा ने कहा— मुद्दे से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है आम आदमी पार्टी

नयी दिल्ली। दिल्ली भाजपा के विधायकों ने कथित आबकारी नीति घोटाले की जांच कर रही सीबीआई को पत्र लिखकर मुद्दे से ध्यान भटकाने के सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के कथित प्रयासों को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कि केजरीवाल को या तो कार्रवाई करनी चाहिए या फिर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उन्होंने लोगों को भ्रष्टाचार के सबूत के तौर पर स्टिंग वीडियो उपलब्ध कराने पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। त्रिवेदी ने कहा, " हाल ही में



एक स्टिंग वीडियो के सामने आने के बाद खुद के कट्टर ईमानदर होने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी का स्पष्ट तौर पर पर्दाफाश हो गया है। इसके बावजूद वह मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। दिल्ली भाजपा के विध ाायकों को केजरीवाल सरकार की इस भटकाव की रणनीति और निकम्मेपन को देखते हुए संदेह है कि वह आबकारी नीति में हुईं अनियमितताओं की उचित जांच नहीं होने देगी।" दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विधानसभा में भाजपा विधायक के सवालों का जवाब नहीं दिया। भाजपा ने हाल ही में शराब घोटाले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की भूमिका को कथित रूप से उजागर करने वाला एक स्टिंग टेप जारी किया था। हालांकि, सिसोदिया ने अपने खिलाफ सभी दावों का खंडन किया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है और उसने अपनी प्राथमिकी में सिसोदिया को एक आरोपी के रूप में नामजद किया है।

# पीएम मोदी ने किया कर्तव्य पथ का उद्घाटन, बोलेः नए इतिहास का हुआ सृजन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के इंडिया गेट के पास कर्तव्य पथ का उद्घाटन किया है। कर्तव्य पथ पहले राजपथ के तौर पर जाना जाता था। हालांकि ने भारत में ऐसे कर्तव्य पथ का नया नाम दिया गया है। दावा किया जा रहा है कि कर्तव्य पथ आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश करेगा। इस अवसर पर पूरा कर्तव्य पथ दूधिया रोशनी से नहा रहा था। उद्घाटन समारोह के दौरान कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम से सभी देशवासी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश को आज एक नई प्रेरणा, नई ऊर्जा मिली है। आज हम गुजरे हुए कल को छोड़कर आने वाले कल की तस्वीर में नए रंग भर रहे हैं। आज जो हर तरफ ये नई आभा दिख रही है, वो नए भारत के




आत्मविश्वास की आभा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उपनिवेशवाद का प्रतीक शकिंग्सवेश एक इतिहास होगा और हमेशा के लिए मिटा दिया गया है। आज कर्तव्य पथ के रूप में नए इतिहास का सृजन हुआ है। मैं सभी देशवासियों को आजादी के इस अमृतकाल में, गुलामी की एक और पहचान से मुक्ति के लिए बहुत—बहुत बधाई देता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज इंडिया गेट के समीप हमारे राष्ट्रनायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की विशाल मूर्ति भी स्थापित हुई है। गुलामी के समय यहां ब्रिटिश राजसत्ता के प्रतिनिधि की प्रतिमा लगी हुई थी। आज देश ने उसी स्थान पर नेताजी की मूर्ति की स्थापना करके आधुनिक, सशक्त भारत की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। मोदी ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस ऐसे महामानव थे, जो पद और संसाधनों की चुनौती से परे थे। उनकी स्वीकार्यता ऐसी थी कि, पूरा विश्व उन्हें नेता मानता था। उनमें साहस था, स्वाभिमान था। उनके पास विचार थे, विजन था। उनमें नेतृत्व की क्षमता थी, नीतियां थीं।

# सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया के बाद अब केजरीवाल पर टैक्स चोरी के आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने की बजाए लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। पहले दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन फिर शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी निशाने पर आ गए हैं।



केजरीवाल पर स्टांप ड्यूटी से बचने का आरोप है। उपराज्यपाल को भेजी गई शिकायत में किसी आदमी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सीएम ने अपनी पत्नी के माध्यम से बाजार भाव पर जमीन बेची और कागजों पर भाव कम दिखाया। दिल्ली लोकायुक्त को दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ शिकायत मिली है जिसमें दावा किया गया है कि उन्होंने 4.54 करोड़ रुपये में तीन जमीन का टुकड़ा बेचा, लेकिन कागजों पर 72.72 लाख रुपये की कम कीमत दिखाया। रिपोर्ट्स के मुताबि शिकायत में दावा किया गया है कि केजरीवाल ने फरवरी 2021 में अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के जरिए 45,000 रुपये प्रति वर्ग गज की दर से प्लॉट बेचे। हालांकि कागजों पर उन्होंने रु. 8300 प्रति वर्ग गज दिखाया। इसके साथ ही आरोप लगाया था कि आप के राष्ट्रीय संयोजक ने ष्टाम्प ड्यूटी में 25.93 लाख रुपये और पूंजीगत लाभ कर के रूप में 76.4 लाख रुपये का हेर फेर किया है। दिनांक 28 अगस्त को सक्सेना द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव को शिकायती पत्र लिखा गया है। यह मामला हरियाणा के भिवानी जिले की पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला है। इस बीच एलजी कार्यालय ने अरविंद केजरीवाल को शहर के नगर निगमों को शिक्षा और स्वास्थ्य प्रमुखों के तहत 383.74 करोड़ रुपये जारी करने के लिए भी कहा है। ट्विटर पर सीएम को लिखे एक पत्र को साझा करते हुए सक्सेना के कार्यालय ने कहा कि उन्होंने दो साल से लंबित फंड को जारी करने के लिए कहा है। उन्होंने पत्र में कहा, षबिना किसी कारण केष फंड रखने से दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# फिर से बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं राकेश टिकैत, किसानों से कहा— ट्रैक्टरों में बंपर लगवाकर उसे टैंक बनाएं

सहारनपुर। क्या देश में एक बार फिर से किसी बड़े आंदोलन की



तैयारी हो रही है? यह प्रश्न इसलिए उठ खड़ा हुआ है क्योंकि पिछले सप्ताह अपने आप को सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले आंदोलनजीवी योगेंद्र यादव ने कहा था कि वह देश में कुछ आंदोलनों की भूमिका तैयार करने में जुटे हैं और अब किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि देश को किसान आंदोलन की तरह एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए। हम आपको बता दें कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सहारनपुर जिले में चौरा खुर्द की महापंचायत को संबोधित करते हुए बड़े ऐलान किये हैं। उन्होंने एक और आंदोलन के लिए सभी को तैयार रहने के लिए कहा कि जल्द ही आंदोलन की तारीख और स्थान बता दिया जायेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को अपनी आवाज खुद ही उठानी होगी क्योंकि विपक्ष से उम्मीद करना बेमानी है। राकेश टिकैत ने किसानों से कहा कि वह अपने ट्रैक्टरों पर बंपर लगवा लें ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें टैंकों के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

# लद्दाख गतिरोध के बीच पूर्वी सेक्टर में चीनी खतरे से निपटने के लिए भारतीय सेना तैयार

## दी जा रही खास ट्रेनिंग, जानें क्या है आगे का प्लान

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चल रहे टेंशन के बीच भारत अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी को लेकर भी चौकन्ना हो गया है। यहां भारतीय सेना ने सुरक्षा संबंधी किसी भी चुनौती से निपटने के लिए आपात योजना तैयार कर ली है। भारतीय सेना ने नए हथियारों और प्रणालियों को शामिल किया है और चीन के साथ सीमा पर चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए क्षमता निर्माण में वृद्धि की है। इसके साथ ही सेना इस क्षेत्र में अपने जवानों का पुनर्सतुलव स्थापित कर रही है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ दो साल से अधिक समय से चल रहे सैन्य गतिरोध के बीच सेना अपनी समग्र युद्ध तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए उपाय कर रही है। भारतीय सेना ने ये कदम पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ पिछले दो वर्षों से चले आ रहे सैन्य गतिरोध को देखते हुए उठाया है। सेना के



अधिकारियों का कहना है कि लगातार ट्रेनिंग होते रहने से सैनिक किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सड़कों, पुलों और गोला—बारूद डिपो के निर्माण से लेकर अपने निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने तक सेना एलएसी के पास पूर्वोत्तर के आरएएलपी क्षेत्र (शेष अरुणाचल प्रदेश) में सैनिकों को तुरंत लामबंद करपने के लिए सैन्य बुनियादी ढांचे विकसति करने में गति ला रही है।

# आतंकी याकूब मेमन की कब्र को मजार में बदला गया? बीजेपी ने पूछा- क्या यही है ठाकरे का मुंबई से प्यार

मुंबई ।आतंकी याकूब मेमन की कब्र को श्मजारश में बदलने को लेकर बीजेपी ने सवाल उठाया है। इसको लेकर बीजेपी ने उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं। इसके साथ



ही राहुल गांधी और शरद पवार से भी जवाब मांगा है। भाजपा का आरोप है कि जब उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे तो मुंबई में आतंकवादी याकूब मेमन की कब्र को संगमरमर और एलईडी लाइटों से सजाकर मजार में बदल दिया गया था। इस मुद्दे को उठाते हुए भाजपा नेता राम कदम ने उद्धव ठाकरे के साथ—साथ तत्कालीन महा विकास अघाड़ी सरकार में भागीदार एनसीपी और कांग्रेस से जवाब मांगा है। याकूब मेमन को 1993 के मुंबई बम धमाकों में टाडा की विशेष अदालत ने दोषी ठहराया था। मेमन उन धमाकों के मुख्य साजिशकर्ता टाइगर मेमन का भाई था। याकूब मेमन को 2007 में टाडा कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके बाद 30 जुलाई 2015 को आतंकी याकूब को फांसी दे दी गई, जिसके बाद याकूब के शव को मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में दफना दिया गया। बीजेपी का आरोप है कि जब उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे तब इस कब्र को सजाया गया था। इसके चारों ओर टाइलें लगाई गईं और कब्र को एलईडी लाइटों से सजाया गया। बीजेपी विधायक कदम ने कहा, श्पाकिस्तान के इशारे पर मुंबई के हजारों बेगुनाह लोगों की हत्या करने वाला आतंकी ऐसे आतंकी को नमन... ये सब राहुल गांधी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में हुआ है। मार्बल और इसके चारों ओर एलईडी लाइटें लगाई गई थीं। जब मजार बन रहा था तो ठाकरे चुप क्यों थे? उनकी चुप्पी के पीछे क्या राज था? आतंकी याकूब मेमन की कब्र को मजार में बदलने की वारदात उद्धव ठाकरे की आंखों के सामने हुई।




# विपक्षी एकता पर ममता बोलीं— नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन, मैं..., शेख हसीना को लेकर भी कही यह बात

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विपक्षी एकजुटता की कवायद शुरू हो गई है। विपक्ष के कई नेता एक दूसरे से मिल रहे हैं और 2024 को लेकर नई रणनीति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन सब के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि विपक्ष को प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन होगा? वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भी बयान सामने आ गया है। ममता बनर्जी ने विपक्षी एकता पर कहा कि नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन, मैं और अन्य नेता 2024 के लोकसभा चुनाव में एक साथ आएंगे। उन्होंने कहा कि 2024 में हम एक खेल खेलेंगे जो बंगाल से शुरू होगा। हेमंत (सोरेन), अखिलेश (यादव), नीतीश (कुमार), मैं और अन्य दोस्त तब एकजुट होंगे। फिर वे (भाजपा) सरकार




कैसे बनाएंगे? बीजेपी सरकार की कोई जरूरत नहीं। इसका मतलब साफ है कि विपक्ष के नेता साथ आने को तो तैयार हैं लेकिन पीएम पद की दावेदारी को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। ममता का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बिहार के मुख्यमंत्री एनडीए से अलग होकर विपक्षी एकजुटता की कवायद में दिल्ली पहुंचे थे और विपक्ष के कई नेताओं से मुलाकात की थी। शेख हसीना पर बयानः बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा पर ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं लेकिन केंद्र ने भारत की उनकी आधि ाकारिक यात्रा का हिस्सा बनने के लिए मुझे आमंत्रित नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब बांग्लादेश की प्रधान मंत्री भारत आईं और मुझसे मिलने की इच्छा के बावजूद बंगाल नहीं आईं। मुझे नहीं पता कि वे (भाजपा) इतने गुस्से में क्यों हैं। उन्होंने मुझे कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए शिकागो और चीन सहित कई जगहों पर जाने नहीं दिया। बनर्जी ने कहा कि मैं विदेश मामलों या द्विपक्षीय संबंधों के बारे में बात करना नहीं चाहती लेकिन मैंने देखा है कि जब भी मुझे किसी देश में आमंत्रित किया जाता है तो केंद्र मुझे रोकने की कोशिश करता है।

# मातृ वंदना सप्ताह का हुआ समापन

गोंडा। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार गर्भ धारण करने वाली महिलाओं को पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि तीन किश्तों में उनके बैंक खाते में दी जाती है, जिससे उन्हें गर्भावस्था व प्रसव उपरांत सही खानपान और पर्याप्त पोषण मिलता रहे, ताकि जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा का कहना है सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ समुदाय की आखिरी पंक्ति तक पहुंचे और पहली बार गर्भ धारण करने वाली सभी महिलाओं को योजना से लाभान्वित कराया जा सके, इसके लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा मिले दिशा–निर्देशों के क्रम में 01 से 07 सितम्बर तक जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना सप्ताह का मनाया गया।

इस दौरान स्वास्थ इकाईयों पर विशेष शिविर लगाये गए। इसमें बैकलॉग निस्तारण, लंबित चल रहीं द्वितीय व तृतीय किश्तों के निस्तारण के साथ ही अधिक से अधिक नए लाभार्थियों के पंजीकरण कार्य किए गए। एसीएमओ आरसीएच डॉ एपी सिंह ने बताया कि सप्ताह के दौरान 412 नए लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया, जिससे मासिक लक्ष्य 1827 के सापेक्ष 412 फीसदी की उपलब्धि 7 दिन में ही हांसिल कर ली गयी द्य इसमें जनपद स्तर के सभी सम्बन्धित अधिकारियों, समस्त अधीक्षकों, बीपीएम, बीसीपीएम, कंप्यूटर ऑपरेटर व क्षेत्र की आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं ने प्रशंसनीय कार्य किया है। योजना के जिला कार्यक्रम सहायक विजय कांत शुक्ला ने बताया कि सप्ताह के दौरान 34 लाभार्थियों के द्वितीय किश्त एवं 184 लाभार्थियों के तृतीय किश्त की लंबित पड़ी किश्तों का भुगतान कराया गया। इसके अलावा 128 आवेदनों में पायी गयी त्रुटियों का संसोधन कराया गया।

वहीं जिला कार्यक्रम समन्वयक सुमित कुमार श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अगस्त 2022 जनपद में कुल लक्ष्य 106852 लाभार्थियों का पंजीकरण शासन द्वारा निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष अब तक कुल 84,025 लाभार्थियों का पंजीकरण कर 79 प्रतिशत की उपलब्धि हांसिल कर ली गयी है।

# कच्ची शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही, 4 नफर अभियुक्त 70 लीटर अवैध अपमिश्रित शराब मय भट्ठी के गिरफ्तार

## 5 कुन्टल लहन नष्ट, यूरिया व नौशादर ब बनाने के उपकरण भी बरामद

इटियाथोक (गोंडा) । पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अवैध कच्ची शराब निष्कर्षण व बिक्री रोकथाम एवं संज्ञेय अपराधा होने से रोकने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में 'प्रभारी निरीक्षक कोतवाली इटियाथोक' के नेतृत्व में आज दिनांक 07.09.2022 को थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुये भिन्न भिन्न स्थानों से '4 नफर अभियुक्त 1. अ0सं0 351ध22 धारा 60ध्60(2) म्. ।ब्ज् व 272 प्च्ब् बनाम अभियुक्ता धनदेवी पत्नी नानबाबू सोनकर निवासी ग्राम धर्मेई थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा 2. मु0अ0सं0 352ध22 धारा 60ध्60(2) म्. ।ब्ज् व 272 आईपीसी बनाम अभियुक्ता श्रीमती पत्नी जगप्रसाद निवासी खटिकनपुरवा मौजा दलपतपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा 3. मु0अ0सं0 353ध22 धारा 60 एक्स एक्ट व 272 आईपीसी बनाम राघवराम पुत्र पंचम निवासी शहियापुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा एवं 4. मु0अ0सं0 354ध22 धारा 60 एक्स एक्ट व 272 आईपीसी बनाम अभियुक्ता गीता देवी पत्नी महेश निवासी तारीपरसोहिया थाना इटियाथोक जनपद गोण्ड को 70 लीटर अवैध अपमिश्रित शराब, यूरिया व नौशादर मय भट्ठी' के साथ गिरफ्तार कर कई कुन्टल लहन नष्ट किया गया तथा सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार कर्ता टीम में उप निरीक्षक रवि प्रकाश यादव, उपनिरीक्षक चन्द्रशेखर प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक रजनीश द्विवेदी, हेड कांस्टिबल अभिमन्यु गुप्ता, का0 लक्ष्मन गुप्ता, कां0 अखिलेश सिंह, कां0 विवेक वर्मा, कां0 संजीव वर्मा, कां0 जगदीश कुमार, कां0 जितेन्द्र कश्यप, का0 बालेश्वर यादव, कां0 अजमेन्द्र कुमार, कां0 मो0 रजा अंसारी, म0का0 निरमा देवी एवं म0कां0 किरन कुशवाहा शामिल रहीं।

# लायंस क्लब गोंडा सेवा का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

## अल्प समय में शिखर तक पहुंचा लायंस क्लब गोंडा सेवा–विश्वनाथ चौधरी

गोंडा । लायंस क्लब गोंडा सेवा का चौथा अधिष्ठापन समारोह आर के लान में दीप प्रज्वलन ,माल्यार्पण ,स्वागत सम्मान, गीत, भोज आदि आयोजनों के साथ संपन्न हुआ। अधिष्ठापन समारोह दिवस पर मुख्य अतिथि डीजी विश्वनाथ चौधरी दोपहर 2रू00 बजे भिखना पुर स्थित क्लब द्वारा अंगीकृत विद्यालय जेपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचे जहां पर उनका लायनगणों व विद्यालय कर्मियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया एवं विद्यालय के बच्चों को बैग व कॉपी किताब की किट भी उन्हीं के द्वारा वितरित कराई गई ,साथ में रहे अतिथि डी जी 2 मुकेश जैन , जी एम ए हेड डॉ आर सी मिश्रा प्रधानाचार्य सुमन पांडे आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं कुछ सवाल भी पूछे जिसका जवाब बच्चों ने बेबाकी से दिया। रात्रि में आयोजित अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि विश्वनाथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा लायंस क्लब गोंडा सेवा की जितनी सराहना की जाए कम ही होगा, क्योंकि अल्प समय में जिस शिखर तक क्लब पहुंचा है काबिले तारीफ है ,आपका यह क्लब एक हेल्थी क्लब है एक बातें आपसे और कहना चाहूंगा कि लायंस क्लब गोंडा सेवा भीड़ का हिस्सा न बने बल्कि कुछ अलग करके दिखाएं क्लब आपका नया जरूर है लेकिन इसमें अनुभवी व जुझारू लोग हैं एवं टीम भावना से सेवा करने की क्षमता है ,मैं आप लोगों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं ।जो प्यार सम्मान व अनुशासन का परिचय आपने दिया है और कार्यक्रम संपन्न कराया है यह शायद कहीं कहीं देखने को मिलता है। उपस्थित सभी पत्रकारों का सम्मान करते हुए श्री चौधरी ने अपने हाथों से छोटा सा उपहार देकर पत्रकारों को सम्मानित भी किया और ज्यादा समय रुक कर कार्यक्रम को कवरेज करने हेतु धन्यवाद व्यक्त किया। बीच–बीच में डॉक्टर आकांक्षा ने गीत गाकर समा बांधने का प्रयास कर रही थी। डी जी टू मुकेश जैन ने क्लब में जुड़े सदस्यों अमिता– अजय गर्ग ,संगीता–श्रवण अग्रवाल, नीतू –अमर अग्रवाल ,ज्योति पांडे ,डॉ ज्ञानेंद्र ,आदित्य पांडे कुल 9 लोगों को उनके कर्तव्यों का सेवा करने की शपथ दिलाई। पूर्व डीजी कमल शेखर गुप्ता ने क्लब के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को उनका कार्य याद दिला कर और अच्छा करने की सलाह दी और सभी को वचनबद्ध भी कराया। पूर्व डीजी के यस लूथरा ने सेवा करने का तरीका व कौन–कौन सी एक्टिविटी समाज के लिए बेहद जरूरी है विस्तार से बताया। लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा अंगीकृत विद्यालय जेपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को प्रथम किश्त के रूप में रूपए 51000 देकर क्लब ने सहयोग किया। समारोह के अवसर पर जनपद बहराइच ,बलरामपुर व लखनऊ के लायन पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया । लायंस क्लब गोंडा सेवा के लायनगण डॉक्टर मृणाल पांडे, डॉक्टर के के मिश्रा, राजकुमार जायसवाल अजय मित्तल ,बसंत नेवटिया ,चंद्रकेश मिश्रा ,अजीत सिंह सलूजा ,अर्जुन सोनी दीपक गुप्ता, पवन जायसवाल, संदेश गर्ग, राजीव अग्रवाल ,अशोक लोहिया, शिव अग्रवाल ,सुशील जालान, अरविंद श्रीवास्तव ,अमित पांडे, मुकेश अग्रवाल ,दुर्गेश श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, मयंक टंडन, नितिन कुमार वाधवानी , चित्रार्थ तिवारी ,शिवम मिश्रा ,पीके शुक्ला ,किशोर सोमानी, मनीष कुमार धनकानी ,संजय रस्तोगी, डॉक्टर डी के राव, अरुण दीप मल्होत्रा, देवेंद्र जायसवाल, विपुल मोदी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षिका के पति द्वारा आत्महत्या के मामले में शिक्षिका के विरुद्ध अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने व प्रताड़ित करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया

करनैलगंज(गोंडा) । विकास खंड हलधरमऊ के प्राथमिक विद्यालय विशुनपुरा में तैनात शिक्षिका के पति द्वारा आत्महत्या के मामले में शिक्षिका के विरुद्ध अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने व प्रताड़ित करने का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। शिक्षिका के पति कुलदीप की मां शांति देवी पत्नी स्वर्गीय रामसेवक जाटव निवासी हरिजन बस्ती थाना बबीना झांसी ने कोतवाली में तहरीर दी।

जिसमें कहा गया है कि उसका बेटा कुलदीप छह बेटियों के साथ इकलौता बेटा था। जिसकी शादी वर्ष 2009 में रचना उर्फ वंदना पुत्री कृष्णा बाबू निवासी पाठक मोहल्ला थाना उरई जालौन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी बहू उसके बेटे को तरह–तरह की प्रताड़ना देती रही। उसकी नौकरी छुड़वा कर साथ में रहने के लिए विवश किया और जब वह साथ में रहने लगा तब उसे तरह–तरह के ताने निठल्ले,हरामखोर व बेरोजगार कहकर आत्महत्या के लिए प्रेरित करती रही।

उसे अपने घर परिवार से दूर कर दिया गया था जिससे वह मानसिक रूप से वह हमेशा परेशान रहता था। जब भी वह घर जाने के बाद करता था तो उसकी बहू खुद को बच्चों के साथ लेकर सुसाइड करने व उसे जेल भिजवाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दी थी। जिससे वह सहम जाता था। उसकी मां का कहना है कि किसी अन्य व्यक्ति से उसके नाजायज संबंध है।

जिससे वह कुलदीप को अपने साथ महज बच्चों की देखरेख के लिए अपने साथ रख दी थी। बहू से परेशान होकर कुलदीप ने बीते 2 सितंबर को करनैलगंज नगर के कैलाश बाग रोड पर स्थित अपने किराए के मकान में आत्महत्या कर लिया।

पुलिस ने मां की तहरीर पर बहू के विरुद्ध धारा 306 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है जो भी सच्चाई होगी उसके मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुण्यतिथि पर याद किए गये पूर्व सांसद मित्रसेन यादव

## मेधावी छात्र–छात्राओं को साइकिल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

मिल्कीपुर–अयोध्या। पूर्व सांसद मित्रसेन यादव की 7वीं पुण्यतिथि पर उनके संस्थापित किसान इंटर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता मित्रसेन यादव के बेहद करीबी रहे हितलाल यादव ने की। समारोह में मित्रसेन यादव के द्वारा स्थापित किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर के एक दर्जन मेधावी छात्र–छात्राओं को साइकिल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने के साथ साथ उनके अभिभावकों को भी अंग वस्त्र भेंट करते हुए माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक स्थित किसान इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लीलावती कुशवाहा ने स्वर्गीय मित्रसेन यादव के साथ रहकर काम किए जाने के अनुभव को बताते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभा का धनी व्यक्ति मिल पाना संभव नहीं है। समारोह को संबोधित करते हुए सपा नेता फिरोज खान गब्बर ने कहा कि स्वर्गीय बाबू मित्र सेन यादव का डंका फैजाबाद ही नहीं पूरे प्रदेश में बजता रहा है। उन्होंने उनके पुत्र आनंद सेन यादव को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह उनके लिए हर संभव मदद के लिए 24 घंटे तैयार मिलेंगे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए स्वर्गीय बाबूजी के बेहद करीबी इसौली निवासी मुख्तार खान ने मित्रसेन यादव के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके विधायक रहते हुए मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए तमाम कांडों का जिक्र करते हुए कहा कि बाबूजी आजीवन केवल गरीबों मजलूमों की लड़ाई लड़ते रहे। समारोह को संबोधित करते हुए युवा नेता आनंद सिंह मिंटू ने आनंद सेन यादव एवं उनके परिवार के लिए आजीवन समर्पित रहने का ऐलान किया। सपा नेता जय सिंह यादव राणा ने मित्र सेन यादव के जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला और श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को जिला पंचायत सदस्य इंदू सेन यादव, हैरिंग्टनगंज ब्लाक प्रमुख अंकुर सेन यादव, सपा नेता एजाज अहमद, रामचेत, छोटे लाल यादव, सुरेश इंसान, रामजी पाल, पूर्व प्रमुख राम प्रगट रावत, साहब लाल यादव, पृथ्वीराज यादव, संतोष यादव पीतांबर, अखिलेश सिंह बब्बू सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। समारोह के आयोजक पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मपाल यादव ने किया। कार्यक्रम में मौजूद बिरहा गायक छबिलाल पाल एवं भोजपुरी गायक धर्मेंद्र वर्मा ने स्वर्गीगीय अमित सिंह के जीवन वृत्त पर स्वरचित संगीत पेश किए। स्वर्गीय मित्रसेन यादव द्वारा स्थापित किए गए किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में अध्ययनरत 2022 की परीक्षा में अव्वल रहे एक दर्जन मेधावी छात्र छात्राओं को साइकिल प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से बाबूराम गौड़, पूर्व प्रधानाचार्य हरिबक्स सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म में वांछित युवक गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के दिशा निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत खंडासा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना इनायतनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अक्षय कुमार पटेल व कांस्टेबल रवि यादव, गम्भीर सिंह तथा धर्मेन्द्र कुमार द्वारा 2 वर्ष पूर्व थाने में दर्ज मुअसं 468ध्2020 धारा 363, 366, 376 डी व 3ध्4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम अछोरा थाना इनायत नगर जनपद अयोध्या को मिल्कीपुर बाजार तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया पुलिस टीम वांछित अभियुक्त को पकड़कर थाने ले गई जहां उसके विरुद्ध दर्ज अभियोग में आरोप में जेल भेज दिया गया है।

## 40 लीटर अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने इलाके के तीन अलग अलग जगहों से चालीस लीटर अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है ।एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक गोसाईगंज कस्बे के भीटी पुल से महादेवा घाट जाने वाले मार्ग से रविन्द्र चौहान पुत्र हरीलाल चौहान निवासी चौहान का पूरा,चन्द्रदीप को दस लीटर,थिरुआ पुल के पास से मुकेश पुत्र जियालाल निवासी भिटौरा को बीस लीटर व श्रृंगी ऋषि आश्रम के पास से झिनकन पुत्र शौकीलाल निवासी पौसरा को दस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है ।सभी अभियुक्तो का चालान कर दिया गया।

## घर में सो रहे बच्चे को उठाकर भागा हत्यारोपी

अयोध्या। बच्चा चोरी करके भाग रहे पत्नी की हत्या के आरोपी युवक को मोहल्लावासियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। घटना थाना कोतवाली नगर के क्षेत्र के फतेहगंज चौकी क्षेत्र की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़ गया बच्चा चोर अपनी पत्नी की हत्या का आरोपी है। वह तारीख पर कचेहरी आया हुआ था कचेहरी से लौटते वक्त रेलवे लाईन के किनारे दरवाजा खुला होने पर वह घर में घुस गया और दो साल के मासूम को लेकर भागने लगा। आरोपी का नाम हरिशचंद्र है जो जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। रेलवे लाईन के पास रहने वाले पीड़ित अंकित जायसवाल ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति कर रहा है कि बच्चा अच्छा लग रहा था तो उसे उठा लिया अंकित की तहरीर पर पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही तेज कर दी है। पीड़ित परिवार के अनुसार घर में सो रहे बच्चा घर में सो रहा था जिसको उठा कर एक व्यक्ति भागने लगा। घर में पालतू कुत्ते के भौंकने से जगे परिजनों ने उसे नाका हनुमानगढ़ी के पास से पकड़ लियास आरोपी से कोतवाली नगर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## खड़ंजा लगने के बाद लगे शिलापट को तोड़ा

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के मया ब्लाक अंतर्गत एक गांव को जोड़ने वाले चकरोड पर खड़ंजा लगने के बाद लगे शिलापट को तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है ।मामले में कोतवाली पुलिस ने मया प्रथम के जिला पंचायत सदस्य की शिकायत पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य के खिलाफ एनसीआर दर्जकर पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक मया ब्लाक के जिला पंचायत सदस्य प्रथम प्रेमादेवी का कहना है कि महबूबगंज गोसाईगंज मार्ग पर शराब की दूकान के सामने से अल्पी का पुरवा जाने वाले चकमार्ग पर खड़ंजे का कार्य सम्पन्न होने के बाद वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य के नाम से शिलापट लगा हुआ था। आरोप है कि उक्त शिलापट को पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील वर्मा ने दुराग्रह से पीड़ित होकर तोड़कर तहस नहस कर दिया। चौकी इंचार्ज महबूबगंज मुनिमन रंजन दूबे के मुताबिक जिला पंचायत सदस्य प्रेमादेवी की शिकायत पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनील वर्मा के खिलाफ एनसीआर दर्जकर मामले की पड़ताल की जा रही है।

# अघोषित विद्युत कटौती से मचा त्राहिमाम

बारुन(अयोध्या)। क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच अघोषित विद्युत कटौती के कारण त्राहिमाम मचा हुआ है ।प्रदेश सरकार के 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के दावे के विपरीत अघोषित कटौती के कारण भीषण गर्मी में ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है ।भीषण उमस और गर्मी के कारण लोग हलकान व परेशान हैं ।वहीं दूसरी ओर बारिश न होने के कारण पैदा हुए सूखे के हालात में किसानों के फसलों की हलक सूख रही है ।बिजली न आने के कारण खेतों की सिंचाई बुरी तरह प्रभावित है ।विद्युत उपकेंद्र शाहगंज से जुड़े दर्जनों गांव में अघोषित कटौती के कारण आम जनमानस बेहाल है।

# जनपद स्तरीय समिति ने शुरू किया सूखा सर्वेक्षण का कार्य

**एडीएम की अगुवाई में सूखा सर्वेक्षण की जनपद स्तरीय समिति ने तुलसीपुर, गैसड़ी और सदर में खरीफ की फसल का किया सर्वे**

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। शासन के निर्देशन में सूखे का सर्वे करने के लिए गुरुवार को जनपद स्तरीय समिति के अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी बलरामपुर राम अभिलाष के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने तहसील तुलसीपुर और सदर अंतर्गत कई ग्रामों का निरीक्षण किया। समिति द्वारा ग्राम सेखुनिया कला, सोनपुर, चरन गहिया, दुलहीन डीह सहित कई गावों में जाकर खरीफ की फसल धान, अरहर, तिल, गन्ना आदि की स्थिति का भौतिक सर्वे किया गया। इस दौरान समिति द्वारा किसानों से बात की गई तथा फसलों को किसानों के खेत में जाकर देखा गया। बताते चलें कि शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी के आदेश पर एडीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय एवं जनपद की तीनों तहसीलों में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में सर्वेक्षण समिति गठित की गई है जो 12 सितंबर तक शासन को रिपोर्ट प्रेषित करेगी। सर्वे के दौरान जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा, जिला गन्ना अधिकारी रंजीत कुशवाहा, जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह, एसडीओ डॉ सूबेदार यादव व अन्य मौजूद रहे।

# एमएलके महाविद्यालय व स्पिक मैके के संयुक्त तत्वाधान में सूफी कव्वाली का हुआ आयोजन

**प्रख्यात कव्वाल वारसी बंधु की कव्वाली कव्वाली ने लोगो को किया मंतमुग्ध**





दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर व स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को देश के प्रख्यात कव्वाल वारसी बंधु की कव्वाली का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रोताओं सूफी कव्वाली का भरपूर आनंद उठाया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कव्वाली का शुभारंभ देश के प्रख्यात कव्वाल मोहम्मद अहमद वारसी (रामपुर) महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य प्रो0 आर के सिंह, मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके पश्चात वारसी बंधु ग्रुप के मुख्य कलाकार मोहम्मद अहमद खान वारसी ने कव्वाली के बारे में विधिवत जानकारी देते हुए छात्र–छात्राओं को उसके बारीकियों से परिचित कराया।

उनके द्वारा प्रस्तुत सूफी कव्वाली दमा दम मस्त कलंदर छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नयना मिलाइके को सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। खालिद खान के हारमोनियम, वारिस नवाज, हामिद हुसैन व गुलाम रसूल के कोरस, अरशद के तबला व नबी हुसैन के ढोलक की थाप पर प्रस्तुत बहुत कठिन है डगर पनघट की व अल्लाह हूँ अल्लाह हूँ का श्रोताओं ने भरपूर आनंद उठाया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कलाकारों के प्रस्तुति की सराहना करते हुए स्पिक मैके के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि स्पिक मैके युवाओं को अपनी संस्कृति, संगीत व सभ्यता के माध्यम से अतीत से सीख लेकर वर्तमान पर चलते हुए भविष्य को संवारने के लिए तत्पर है। स्पिक मैके महाविद्यालय इकाई की कोऑर्डिनेटर प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह व जिला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कलाकारों का स्वागत किया। संचालन एम ए की छात्रा महिमा सोनी ने किया। इस दौरान महाविद्यालय की ओर से कलाकारों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्पिक मैके उत्तर प्रदेश की वाईस चेयरपर्सन डॉ नीरजा शुक्ला, प्रो0 अरविंद द्विवेदी, प्रो0 श्रीप्रकाश मिश्र, प्रो0 वीणा सिंह, प्रो0 राघवेंद्र सिंह, प्रो0 पी सी गिरि, डॉ डी के मौर्य, डॉ अजहरुद्दीन, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ सुनील कुमार, डॉ शिव महेंद्र, डॉ प्रखर त्रिपाठी व डॉ आजाद कुमार सहित सभी शिक्षक व छात्र–छात्राएं मौजूद रहीं।

# फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। कृषि विज्ञान केन्द्र, सोहना के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा गाँव



गौरा विकास खण्ड इटवा में इन–सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गाय। केन्द्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार नें कृषकों को फसल अवशेष को जलाने से कॉर्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड तथा पार्टिकुलेट मैटर आदि जहरीले पदार्थ पर्यावरण में निर्मूक्त होकर पर्यावरण प्रदूषित करते हैं इसलिए फसल अवशेष न जलाये। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. एस एन सिंह नें किसानों को बताया की फसल अवशेष को जलाये नहीं बल्कि उसको खेतों में ही खेत में डिकमपोजर का प्रयोग कर फसल अवशेष सड़ाकर मृदा की उर्वरकता में वृद्धि होती है जिससे फसक उत्पादन में वृद्धि होती है। डॉ. सर्वजीत ने किसानों बताया किसान भाई फसल अवशेष से कंपोस्ट खाद, वर्मी कंपोस्ट तैयार करें और उसे खेत में प्रयोग करें और रासायनिक खादों के प्रयोग पर अपनी निर्भरता कम करें। डॉ. एस के मिश्रा ने किसानों को फसल कटाई के बाद फसल अवशेष खेतों में ही रहते हुये सुपर सीडर से अगली फसल की बुवाई करें जिससे खेतों की जुताई पर खर्च बच जायेगा और फसल अवशेष खेत में सड़कर फसल को पोषक तत्व उपलब्ध करते है मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने बताया फसल अवशेष जलाने से फसल अवशेष में जो पोषक तत्व मौजूद होते है वो नष्ट हो जाते हैं साथ ही साथ जिस स्थान पर फसल अवशेष जलाये जाते हैं उस स्थान पर मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं जिससे धीरे धीरे मृदा की उर्वरकता कम हो जाती है इसलिए किसान भाई फसल अवशेष पर यूरिया का छड़काव कर फसल अवशेष को जल्दी सड़ जाता है जिससे अगली फसल की बुवाई समय से हो जाती है। कार्यक्रम में रामहरीश, सच्चिदानंद उपाध्याय राम बहादुर कल्लू, कुसुमती, राम धनी, चंद्रभान, इंद्रावती, लटदेवी, नंदनी, आशा देवी एवं सुनीता आदि कृषक उपस्थित रहे।

# हिन्दी हिन्द की शान, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय मे आयोजित हुआ हिन्दी पखवाड़ा महोत्सव-2022

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में हिन्दी पखवाड़ा महोत्सव–2022 के अन्तर्गत गुरूवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसकी थीम थी–हिन्दी हिन्द की शान। हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. हरीशकुमार शर्मा, अधिष्ठाता कला संकाय ने की। उन्होंने कहा कि हिन्दी भारत की आत्मा में बसती है। वह हमारी अस्मिता की पहचान है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रेनू त्रिपाठी ने हिन्दी भाषा को भारतीयता का पर्याय बताते हुए कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रीय एकता की संवाहक है। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. नीता यादव व डॉ. सरिता सिंह द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित



किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप थ् के प्रतिभागियों रूपाली, सारिका, रोमा, जानकी, कल्पना, प्रमिला, अन्शू, करन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ग्रुप। व म् रहे तथा तृतीय स्थान ग्रुप ठए ब् व क् ने प्राप्त किया। सभी संकायों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उनके द्वारा हिन्दी के महत्त्व को दर्शाती हुई रंगोली बनायी गयी। इस अवसर पर डॉ. सत्येन्द्र दुबे, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. जयसिंह यादव, डॉ. वन्दना गुप्ता, डॉ. कपिल गुप्ता, डॉ. अब्दुल हफीज आदि शिक्षक गण ने राष्ट्र निर्माण में हिन्दी की सशक्त भूमिका के विषय में बताते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। निवेदिता, साकेत मिश्र, सतीश, राजेश आदि कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने दी।

# डुमरियागंज के पूर्व विधायक मलिक कमाल युसुफ मलिक को दी गई श्रद्धांजलि

## शोक सभा में सपा, भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के लोगों व समाजसेवियों ने शामिल होकर पूर्व मंत्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। उत्तरपूर्व प्रदेश सरकार के मंत्री व डुमरियागंज से 5 बार विधायक रहे मलिक कमाल यूसुफ के निधन के बाद ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई डुमरियागंज के तत्वाधान में गुरूवार को डुमरियागंज स्थित ब्लाक परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके संघर्ष व जुझारू तेवर से सीख लेने की नसीहत दी गयी। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत स्व0 कमाल युसुफ मलिक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा



अध्यक्ष व इटवा के विधायक माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कमाल युसुफ के रूप् मे उन्होंने एक संघर्षशील साथी को खो दिया है। जो हमेशा समस्याओ जन समस्याओं को लेकर आंदोलन को प्रमुख हथियार के रूप में प्रयोग करते थे। आज आवश्यकता है कि हम उनके संघर्षों से सीख लेकर जनहित का कार्य करें। मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी जोधपुर के पूर्व कुलपति व पदम से नवाजे गए प्रोफेसर अख्तरुल इस्लाम ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में आम जनता से जुड़कर कार्य किया। जनता के समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करते रहे उनके पीछे कई ऐसे आंदोलन रहे जो सीधे समाजवाद से जुड़े हुए थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।उन्होंने स्थानीय तहसील क्षेत्र में कई स्कूल व कालेजों की स्थापना की जहां हजारों बच्चे आज शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, सपा नेता रामकुमार उर्फ चिंकू यादव,डुमरियागंज तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, कांग्रेस पार्टी के नेता सचिदानंद पांडेय, भाजपा नेता अजय पांडे, डॉक्टर अखलाक हुसैन प्राचार्य मौलाना आजाद महाविद्यालय बायताल, घिसियावन यादव, दिनेश पांडे, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अतीकुर्रहमान, रामप्रकाश गौतम, इरशाद अहमद, सुफियान अख्तर आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर ग्रापए जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू रिजवी, रविंद्र गुप्ता, एसपी श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला, अनिल द्विवेदी, राजीव अग्रहरि,वहीद, इंतजार हैदर, बहेरिया प्रधान दिलीप पाण्डेय, पूर्व विधायक के पुत्र इरफान मलिक, सलमान मलिक,एसपी श्रीवास्तव, पप्पू श्रीवास्तव, अजीमोशान फारुकी, शाहरुख अहमद, काजी नियमतुल्लाह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अशफाक अहमद व कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने किया।

# बढ़नी चेयरमैन का बार बालाओं के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

श्रावण पटवा/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के बढ़नी नगर पंचायत चेयरमैन का







बार बालाओं के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वे नोटो की गड्डी हाथो में लिए वीडियो में नजर आ रहें है। बार बालाओं के साथ डांस करते और नोट उड़ाते वीडियो खूब हो रहा है वायरल। चेअरमैन का बार बालाओं के साथ वायरल वीडियो बढ़नी क्षेत्र में बना चर्चा का विषय बना हुआ है। नेपाल स्थिति बुटवल में बीयर बार का वीडियो बताया जा रहा है। इस सम्बंध मे बढ़नी नगर पंचायत चेयरमैन से बात करने की कोशिश की गई तो नम्बर नही मिल रहा था।

# सरयू नहर खण्ड के बाजीर डीह माइनर का हुआ निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा सरयू नहर खण्ड के बाजीर डीह माइनर





का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड से जानकारी चाही गयी कि इस माइनर में पानी कब से नही आ रहा है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा जानकारी दी गयी कि अभी टेल तक पानी नही पहुँच पाया है। अपर मुख्य सचिव महोदय ने निर्देश दिया कि नहर की सफाई कराकर तथा गहराई कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ साथ एक सप्ताह के अन्दर अन्तिम टेल तक पानी पहुँचाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, डी0सी0मनरेगा संजय शर्मा, डी0सी0एनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श आदि उपस्थित थे।

# विकास खण्ड बर्डपुर का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड–बर्डपुर कार्यालय एवम एडीओ पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सुरेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, बर्डपुर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित पाये गये। कार्यालय परिसर में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाया गया।

परिसर की नियमित साफ सफाई कराने एवम पीछे के तरफ पौध रोपण कराने के निर्देश दिया गया। कार्यालय में स्थापना पटल, लेखा पटल तथा मनेरगा सेल में अभिलेखों का अवलोकन किया गया। ग्रांट रजिस्टर के सभी पार्ट पूर्ण करके खण्ड विकास अधिकारी को अवलोकित कराने के निर्देश दिया गया स ग्राम पंचायत बजहा के ग्राम पोखरभिटवा में अमृत सरोवर निर्माण की पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिसमें श्रमिक की उपस्थिति एवम श्रमिक के अंगूठा का निशान के साथ नाम अंकित नहीं किए गया था, चेक लिस्ट के अनुसार अभिलेख एवम फोटोग्राफ रखने का निर्देश दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अमृत सरोवर का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय की मरम्मत करने के निर्देश दिया गया। कार्यालय में ग्राम पंचायत के कार्यों की पत्रावली रखने के निर्देश दिया गया।

# उप शिक्षा निदेशक ने किया बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज का औचक निरीक्षण



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उप शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल बस्ती नवल किशोर व जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य ने गुरुवार को बर्डपुर स्थित बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया। उप शिक्षा निदेशक ने विद्यालय की साफ–सफाई तथा आंतरिक व्यवस्था, पठन–पाठन से पूरी तरह संतुष्ट रहे। निरीक्षण के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र को सुझाव दिया कि विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करें। समय समय पर पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर शिक्षक रवींद्र कुमार उपाध्याय, राम पुकार यादव, शिवकरन, रामबचन राम, विजय बहादुर वर्मा, पूर्णेश्वर मिश्र, वशिष्ठ नारायण मिश्र, यशवंत कुमार, रणवीर सिंह, मोती कुमार, वीरेन्द्र कुमार, नीरज सिंह, जितेंद्र कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार, मनोरमा देवी आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# प्रगति प्रेरणा लघु उद्योग केन्द्र का हुआ निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पं0दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड खेसरहा में प्रगति प्रेरणा लघु उद्योग केन्द्र टी0एच0आर0 प्लांट का कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओ से वार्ता की गयी। वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इस प्लांट से बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा बच्चो की दी जाने वाली सामग्री तैयार की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, डी0सी0मनरेगा संजय शर्मा, डी0सी0एनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, आदि उपस्थित थे।

# पोखरो एंव बंजर की जमीन पर अवैध कब्जा करने का लगाया आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के नव विस्तारित क्षेत्र पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड में वार्ड के ही निवासी अंगद गौड़ घ्ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देते हुये आरोप लगाया कि दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड पहले ग्राम सभा मधुकरपुर के नाम से जाना जाता था जिसमें लगभग 14 गड्ढे एंव 2 बड़े पोखरे थे लेकिन वर्तमान में सभी गड्ढे और दोनो बड़े पोखरे पर माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया जा चुका है जिसके के नाते मई जून–जुलाई माह में जलस्तर कम हो जाता है और घरों में पानी भी बंद हो जाता है इसी तरीके से बंजर की जमीन एंव खलिहान एंव भीटो की जमीनों पर भी अवैध कब्जा किया गया है जिसे हटाने की मांग अंगद गौड़ ने किया है। अंगद गौड़ घ्ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देते हुये कहा है की पोखरो पर अवैध घर निर्माण करा लिया गया जिसको तुरन्त हटाये एंव गांव मे स्थित काली माता मंदिर एंव शिव मंदिर के जमीनो पर भी कब्जा किया गया है उसे भी हटवाये।

## सम्पादकीय

लेकिन उनको भी पता है कि वे अकेले भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। सपा, कांग्रेस और रालोद का गठबंधन हो तो तीनों पार्टियों को फायदा हो सकता है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के दो सांसद हैं और लेफ्ट का एक भी सांसद नहीं है। अगर नीतीश ममता बनर्जी को कांग्रेस के रणनीतिक तौर पर ...

# नीतीश बचा सकते हैं कांग्रेस को



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके विरोधी भी बहुत होशियार राजनेता मानते हैं। पिछले करीब ढाई दशक से वे सत्ता में हैं और अब तक बहुत सुरक्षित और सधा हुआ दांव खेलते रहे हैं। पहली बार उन्होंने अपने को इतने बड़े दांव पर लगाया है। विपक्षी एकजुटता का दांव उनके कौशल की परीक्षा है। उनका पहला लक्ष्य भाजपा को रोकना दिख रहा है लेकिन उनके इस प्रयास का फायदा कांग्रेस को हो सकता है। नीतीश को इस बात का अंदाजा है। ध्यान रहे बिल्कुल हाशिए पर पहुंच गई कांग्रेस को बिहार में 2015 के चुनाव में नीतीश के कारण ही संजीवनी मिली थी। इस बार फिर कांग्रेस को संजीवनी दिला सकते हैं नीतीश।

उन्होंने नई दिल्ली में राहुल गांधी से मिल कर साफ कर दिया है कि वे भाजपा विरोधी मोर्चा कांग्रेस के बगैर नहीं बन सकता है। राहुल से मिलने के बाद नीतीश जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिले और दिल्ली आने से पहले के चंद्रशेखर राव उनसे मिलने पटना गए थे। ये दो ऐसे राज्य हैं, जहां अगर नीतीश कुमार दोनों प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का तालमेल करा देते हैं तो कांग्रेस को बहुत बड़ा फायदा हो सकता है। कर्नाटक में कांग्रेस और जेडीएस की साझा सरकार थी, जिसे भाजपा ने गिरा दिया। अगर नीतीश के प्रयास से दोनों पार्टियां साथ मिल कर लडने को तैयार हो जाती हैं तो अगले साल मई में कर्नाटक में फिर उनकी साझा सरकार बन सकती है और 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों की सीटें बढ़ जाएंगी। राज्य की 28 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस और जेडीएस दोनों को सिर्फ एक–एक सीट मिली है। वहां बड़ा उलटफेर हो सकता है। इसी तरह तेलंगाना की 17 में से कांग्रेस को सिर्फ तीन सीट मिली है। वहां भी अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। टीआरएस और कांग्रेस के मिल कर लडने पर भाजपा को ध्रुवीकरण का मौका मिलेगा। लेकिन अगर दोनों के बीच सीटों का रणनीतिक तालमेल होता है तो उसका फायदा हो सकता है। नीतीश कुमार के प्रति विपक्षी नेताओं का जो सद्भाव है उसका इस्तेमाल कर अगर वे कुछ और राज्यों में कांग्रेस और प्रादेशिक पार्टियों के बीच तालमेल बनवाते हैं तो उसका बड़ा लाभ कांग्रेस को होगा। ऐसे दो राज्य हैं– उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। अखिलेश यादव अभी कांग्रेस से बहुत नाराज हैं। लेकिन उनको भी पता है कि वे अकेले भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। सपा, कांग्रेस और रालोद का गठबंधन हो तो तीनों पार्टियों को फायदा हो सकता है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के दो सांसद हैं और लेफ्ट का एक भी सांसद नहीं है। अगर नीतीश ममता बनर्जी को कांग्रेस के रणनीतिक तौर पर सीटों के एडजस्टमेंट के लिए तैयार करते हैं तो कांग्रेस को उसका भी फायदा होगा। महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कांग्रेस के पास सहयोगी है। जहां तक आम आदमी पार्टी की बात है तो उसे गठबंधन में लाना संभव नहीं लग रहा है।

# भारत ब्रिटेन से बड़ा सेठ लेकिन

वेद प्रताप वैदिक

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ताजा रपट पर भारत का ध्यान सबसे ज्यादा जाएगा, क्योंकि उसके अनुसार भारत अब ब्रिटेन से बड़ा सेठ बन गया है। इस वर्ष ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 816 अरब डालर की रही, जबकि भारत की 854.7 डालर की हो गई। याने ब्रिटेन से हम लगभग 38 अरब डालर आगे निकल गए। लेकिन हम यह न भूलें कि ब्रिटेन की आबादी मुश्किल से 7 करोड़ है और भारत की आबादी उससे 20 गुना ज्यादा है याने करीब 140 करोड़! हमारी अर्थ–व्यवस्था ब्रिटेन से बड़ी जरुर हो गई है और इसका हमें गर्व भी होना चाहिए लेकिन भारत के आम आदमी को क्या इतनी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जितनी ब्रिटिश लोगों को है। वहां औसत आदमी की वार्षिक आमदनी 47000 डालर है और उसके मुकाबले भारत में वह सिर्फ 2500 डालर है। यह ठीक है कि हमारे देश के कुछ मुट्ठीभर लोग ऐसे हैं, जो ब्रिटेन के औसत अमीरों से भी ज्यादा अमीर हैं लेकिन 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों की हालत कैसी है? क्या उनको शिक्षा, चिकित्सा, भोजन, निवास और रोजगार आदि पर्याप्त मात्रा में हम दे पाते हैं? नहीं, उनकी फिक्र हमारे नेताओं को बस तभी होती है जब वोट का त्योहार याने चुनाव सामने आता है। यह ठीक है कि ब्रिटेन और यूरोप के कई राष्ट्र एशिया और अफ्रीका के कई देशों का बरसों खून चूसते रहे और अपने उपनिवेशों के दम पर मालामाल हो गए लेकिन दुनिया के कई देश ऐसे हैं, जो 70–75 साल पहले तक भारत की तुलना में बहुत पिछड़े हुए थे लेकिन संपन्नता के मामले में भारत से बहुत आगे निकले हुए हैं। जैसे चीन, सिंगापुर, मलेशिया, कोरिया आदि! इन देशों ने किंही उपनिवेशों का खून नहीं चूसा है। ये अपने दम पर आगे बढ़े हैं। ये ठीक है कि इन देशों में भारत की तरह खुली लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं पनप पाई लेकिन क्या यह कम बड़ी बात है कि वहां लोग भूखे नहीं मरते, दवा के अभाव में दम नहीं तोड़ते, प्रायरू सभी बच्चे स्कूल जाते हैं। इन देशों में भारत की तरह मुट्ठीभर बेहद अमीर लोग भी रहते हैं लेकिन गरीबी और अमीरी की जैसी खाई भारत में खिंची हुई है, वैसी वहां नहीं है। इन पूर्वी देशों में चीन के अलावा मैंने भूखों और भिखारियों की भीड़ कहीं नहीं देखी। चीन में भी गैर–हान इलाकों में गरीब, अशक्त, अनपढ़ और भिखारियों को अभी देखा जा सकता है लेकिन चीन के कई शहर और गांव अमेरिका के शहरों और गांवों से भी आगे हैं। हम भारत को भी कई मामलों में दुनिया के ज्यादातर देशों से आगे गिना सकते हैं। जैसे इंटरनेट के उपभोक्ताओं की संख्या, नए काम–धंधे शुरु करने में, डिजिटल लेन–देन में, परमाणु शस्त्रों और विमानवाहक पोत के निर्माण आदि में भारत तीसरी दुनिया के देशों में चीन को छोड़ दें तो सबसे आगे है। भारत यों तो अर्थ–व्यवस्था के मामले में ब्रिटेन से आगे निकल गया है लेकिन दिमागी तौर पर अभी भी वह ब्रिटेन का उपनिवेश ही बना हुआ है। भारत पर आज भी ब्रिटिश संस्कृति हावी है। उससे पिंड छुड़ानेवाला गांधी और लोहिया के बाद कोई नेता देश में अब तक हुआ नहीं। यदि भारत को कोई सांस्कृतिक और बौद्धिक आजादी दिला सके तो भारत की अर्थव्यवस्था ब्रिटेन से 20 गुना बड़ी हो सकती है।

# अगला प्रधानमंत्री कौन ?

**पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया खुद अनेक मुकदमें झेल रही हैं और बीमार हैं। उनके परिवार के सदस्य देश छोड़ कर भागे हुए हैं। कट्टरपंथियों के काबू में करने के नाम पर सैकड़ों लोगों को फांसी पर चढ़ाया गया है। हसीना आर्थिक मोर्चे पर ठीक काम कर रही हैं लेकिन वे व्यवहार में लोकतांत्रिक नेता नहीं हैं, बल्कि वे एक तरह की लोकतांत्रिक तानाशाही चला रही हैं, जहां विपक्ष का कोई मतलब नहीं है। सो, लगभग ...**

अजय दीक्षित

अभिमान सिर चढ़कर बोलता है । जयशंकर प्रसाद ने चन्द्रगुप्त नाटक में एक पात्र से कहलवाया है कि सत्ता का सुख बहुत मादक परन्तु सारहीन होता है । सन् 2024 अब लगभग 20 महीने बाद है जब लोकसभा के लिए चुनाव होगा । निश्चय ही मोदी जी सबसे सशक्त उम्मीदवार होंगे । भाजपा को अपनी सफलता का दावा इस कारण भी है अब विपक्षी दलों की रैली में भी मोदी–मोदी के नारे सुनाई पड़ते हैं । मोदी जी ने की फैसले लिये हैं जिससे जनता परेशान हुई है । उसमें नोटबन्दी जी.एस.टी. और कोरोना के कारण अचानक लॉकडाउन प्रसिद्ध है । नोटबन्दी ने आम लोगों को बैंकों के बाहर सुबह 5 बजे से ही लाईन में लगा दिया था । बहुतों के पुराने नोट नहीं बदल सके । घर की बड़ी बूढियों के पास घर खर्च से बचाये पैसे थे, वे नये नोटों में बदलवा नहीं सकीं । विदेशों में रहने वालों के पास कुछ पैसे थे वे भी नहीं बदल सके । बहुत से बीमारी के कारण बैंक की भीड़ में खड़े होकर नोट नहीं बदल सके । फिर भी उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में भाजपा जीत गई । जी.एस.टी. को भी व्यापारियों ने बर्दाश्त कर लिया । महंगाई के पक्ष में बोलने वाले भी कम नहीं हैं । देश के विकास के लिए पैसा चाहिए । इसी से महंगाई को झेलना पड़ेगा । कोरोना के कारण लॉकडाउन के कारण प्रवासी मजदूरों




को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा ! सन् 2020 और 2021 में इसी कारण लगभग 80 हजार मजदूरों ने अपनी जान गंवाई । वे हाल में घोषित सरकारी आंकड़े हैं । सन् 2014 के बाद मोदी जी ने कहना शुरू कर दिया था कि वे कांग्रेस विहीन भारत चाहते हैं । यूं गुपचुप कई भाजपाई इससे सहमत नहीं हैं क्योंकि प्रजातंत्र में विपक्ष की अपनी भूमिका होती है । गडकरी को तो संसदीय बोर्ड से बाहर का रास्ता इसी कारण देखना पड़ा कि वे देश में विपक्ष के रूप में कांग्रेस को सशक्त देखना चाहते हैं । यूं अंदरूनी तौर पर अब मोदी जी का कोई विरोधी भाजपा में नहीं है । आडवाणी जी व जोशी जी मार्गदर्शक मण्डल में है, परन्तु उनकी राय कभी ली नहीं जाती । कहते हैं आर.एस.एस. के मोहन भागवत से मोदी जी की केमिस्ट्री ठीक है । यद्यपि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के वरिष्ठ जोशी जी व अन्य कई से मोदी जी का 36 का आंकड़ा है, ऐसा जानकार कहते हैं । मोदी जी अब राजनैतिक दलों में परिवारवाद को कोसते हैं । परिवारवाद तो भाजपा में भी है । मध्य प्रदेश में स्थानीय निकाय के चुनावों में रिश्तेदारी खूब चली । रक्षा मंत्री के पुत्र नोएडा से विधायक हैं । मध्यप्रदेश में कैलाश विजयवर्गीय पुत्र विधायक हैं । खोज खबर ली जाए तो यह लिस्ट भी काफी बड़ी निकलेगी । अब मोदी जी ने कहना शुरू किया है कि कई राजनैतिक दल अपराधियों को बचाने में लगे हैं । यूं छांट–छांट कर विपक्षी नेताओं के यहां ई.डी., सी.बी.आई. व अन्य जांच एजेंसियों के छापे पड़ते रहते हैं । भाजपा ने अब लोटस ऑपरेशन शुरू किया हुआ है । दूसरी पार्टी के बड़े नेताओं का भाजपा में स्वागत है । उनके दुष्कर्मों पर कोई रेड नहीं होती । कई मुख्यमंत्री जब भाजपा में नहीं थे तो उन पर स्वयं भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे अब उन पर कोई रेड नहीं होती । हाल फिलहाल तो बिहार में सुशासन बाबू नीतीश कुमार ने मोदी जी को तगड़ा झटका दिया है । अब वे लगातार 2024 के चुनाव में भाजपा को मात्र 50 सीटों तक समेटने की घोषणा कर चुके हैं । परन्तु विपक्ष में कई प्रधानमंत्री बनने की ख्वाहिश रखते हैं । ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल, नीतीश कुमार, के. चंद्रशेखर राव, शरद चाव्हाण, आदि की लम्बी सूची है । कांग्रेस कहती है वह ही राष्ट्रीय पार्टी है । अतः राहुल गांधी ही अगले प्रधानमंत्री होंगे ? असल में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के कड़े विरोधी हैं । जे.डी.यू. ने दिल्ली के विधानसभा में अपने उम्मीदवार खड़े किये थे । तब वे मोदी जी के साथ थे । पहले नीतीश कुमार जब भी दिल्ली आते थे तो अरविन्द केजरीवाल के यहां ठहरते थे । अब दोनों में तल्खियां हैं या नहीं, पता नहीं । ममता बनर्जी अपने को विपक्षी एकता का सूत्रधार कहती हैं ।

असल में उत्तर पूर्व में भाजपा की उपस्थिति संकेतात्मक है । उत्तर भारत के रीति–रिवाजों से अलग उत्तर पूर्व के राजनैतिक दलों का भाजपा से गठबंधन मात्र औपचारिक है । वे न तो हिन्दुत्व को मानते हैं । न ही गाय उनके लिए माता है । मेघालय मात्र सत्तात्मक समाज है । दक्षिण में भाषा की बाधा के कारण भाजपा सफल नहीं हो पा रही है । प्रजातंत्र में सशक्त विपक्ष की सकारात्मक भूमिका है । परन्तु यह तभी होगा जबकि विपक्ष एकजुट हो जिसकी कोई संभावना नहीं है । अतरू मोदी जी का रास्ता सन् 2024 में साफ है । बाकी ईश्वर अधीन ।

# बुनियादी मुद्दों को लतीफों में उलझाने का अपराध

**जिस तरह से पार्टी कार्यकर्ता, आईटी सेल मिलकर किसी भी मुद्दे को राह से भटका रहे हैं, उसमें एक बड़ा योगदान अब मीडिया का हो गया है। मीडिया ही क्यों, मीडियाकर्मी भी निजी स्तर पर अफवाहें, झूठ फैला रहे हैं। देश के एक प्रसिद्ध न्यूज चैनल की प्रमुख एंकर ने भी महंगाई को लेकर जुबान फिसलने वाला वीडियो ट्विट किया। कुछ ही क्षणों के बाद वक्ता ने जो गलती सुधारी थी, वह हिस्सा बड़ी ही ...**

डॉ. दीपक पाचपोर

लोगों को जानना होगा कि नागरिक बनने का अर्थ यही है कि उनके जीवन से जुड़े विषयों को सत्ता गम्भीरता से ले न कि उन पर चुटकुले बनाए। यह समझने का वक्त आ गया है कि विरोधी दल के नेताओं की गलती सुधारने से आटा सस्ता नहीं हो जायेगा। उन्हें मूर्ख साबित करने से रोजगार पैदा नहीं हो जायेंगे। जनता को सतर्क निगाहों से देखना होगा कि क्यों उनके सरोकारों को मजाक में तब्दील किया जा रहा है। यह एक गहरी चाल है। संवाद के मामले में सही शब्द न मिलना, गलत उच्चारण अशुद्ध व्याकरण, वचन या लिंग संबंधी दोष, समानार्थी शब्दों का न मिलना– ये सारी सामान्य कमजोरियां हैं जो अक्सर बड़े से बड़े कद एवं व्यक्तित्व के वक्ताओं में भी होती हैं। बोलने या लिखने दोनों ही मामलों में। अभी हाल ही में विपक्षी दल के एक नेता ने महंगाई का मुद्दा उठाने के दौरान आटे को श्किलोश की जगह पर श्लीटरश क्या कहा, तूफान पैदा कर दिया गया। वैसे सभी जानते हैं कि यह जुबान फिसलने से ही हुआ होगा क्योंकि आज के जमाने में आप किसी को कितना भी जाहिल मानें या उसे साबित करने की कोशिश करें, वह या ज्यादातर इन दोनों का अंतर जानता है। फिर भी चलिये एकबारगी आपकी बात को मान लिया, सौ बार मान लिया कि विपक्ष और उनके सारे नेता बिलकुल मूर्ख हैं, तो आप अपनी प्रशासनिक प्रतिभा दिखलाकर महंगाई को नियंत्रित करके दिखा दीजिये (जिसका वादा कर आप सत्ता में आये थे)! आखिरकार, मुद्दा भाषा की गलती का नहीं वरन महंगाई का है जिस पर चर्चा करते हुए नेता की जुबान फिसली थी।

दरअसल जुमलेबाजी, परस्पर टांग खिचाई, चुटकुलों, कार्टूनों, मीम्स आदि बनाकर और उससे भागकर देश का सियासी नैरेटिव उन ठोस मुद्दों को तरल पदार्थ बनाकर नाली में बहा रहा है जिस पर गंभीरता से न केवल बात होनी चाहिये वरन अपने संवैधानिक उत्तरदायित्व के तहत स्वयं सरकार को जवाब देने के लिये आगे आना चाहिये। वैसे यह भी ठीक है कि इन विषयों पर गंभीरतापूर्वक लिखने–पढ़ने वालों के अलावा जब अधिकतर लोगों को अपने जनजीवन को रोज–रोज प्रभावित करने वाले विषयों से ही कोई लेना–देना नहीं है तो भला सरकार और सत्तारुढ़ दल को इससे बड़ी सहूलियत और क्या हो सकती है जिसमें उन्हें कोई स्पष्टीकरण नहीं देना पड़ता। देश ने संसद के लगभग हर सत्र के दौरान कभी महंगाई, कभी बेरोजगारी या ऐसे ही किसी न किसी मुद्दे पर सड़कों पर अक्सर विरोध–प्रदर्शन देखे हैं। पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा ही इनके जवाब दिये हैं। उसे देना ही होता है। बहरहाल, आटे के लीटर व किलोग्राम वाले एपीसोड के बाद अनेक पुराने वीडियो तैर रहे हैं जिनमें से किसी में सत्तारुढ़ दल का कोई नेता श्अर्थव्यवस्था को 3 मिलियन टन से 5 मिलियन टनश करने का वादा कर रहा है तो कोई नेता बतला रहा है कि कैसे श्उनके गुरु के सिर पर वे और सारे शिष्य पैर रखते थेश या फिर देश के सबसे ताकतवर मंत्री बता रहे हैं कि श15 लाख रुपये वाला जुमला था।श यह वीडियो भी उपलब्ध है कि जब इन्हीं मंत्री से पूछा गया कि श्क्या असम के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा भ्रष्ट हैंश, तो उन्होंने कहा कि श्यह सवाल न पूछेंश, श्यह सवाल है ही नहीं।श आटे संबंधी वीडियो के जारी होने का यह परिणाम निकला कि भाजपा नेताओं के वे वीडियो और बयान भी सामने आ गये जिनमें उनकी गलतियां बतलाई गई हैं। कुछ गलतियां व्याकरण संबंधी हैं तो कुछ शब्द संबंधी या फिर उच्चारण दोष को लेकर हैं। असली बात यह है कि भाषा संबंधी गलतियां ठीक करने से अगर सारी समस्याएं हल हो जाएं तो फिर बात ही क्या थी!

वैसे यह अच्छा संकेत है कि पहले के अनेक प्रसंगों की तरह इस गलती पर जनसामान्य की काफी कम प्रतिक्रियाएं आई हैं। सम्भवतरू अब लोगों को पता चलने लग गया है कि विपक्ष का मजाक उड़ाकर सरकार अपनी नाकामियों को छिपा रही है। अब केवल वे लोग ही इस ट्रोलबाजी में लगे हुए हैं जो बहुत ही हार्डकोर कार्यकर्ता, जातिवादी और साम्प्रदायिक हैं। बहुत से लोगों ने इस नफरती क्लब को अब त्याग दिया है। दूसरे, इस मुद्दे पर बड़ी संख्या में सिर्फ जवाबी टिप्पणियां या पोस्ट नहीं आई हैं वरन उनका जवाब आम आदमी दे रहा है। पूछा जा रहा है कि श्क्या आटे को किलो की बजाय लीटर में कहना श्बेटी बचाओ बेटी...श से अधिक बड़ी गलती है?श फिर, बताया तो यह भी जा रहा है कि सत्ता से जुड़े लोगों, संगठनों, आईटी सेल आदि की ओर से आटे संबंधी ट्रोल पोस्टें, मीम्स, ट्विट्स आदि जो फैलाए गये थे, उन्हें हटाने का काम खुद ट्रोल आर्मी कर रही है क्योंकि यह मुद्दा बैकफायर कर रहा है। अच्छा है! लोगों को जानना होगा कि नागरिक बनने का अर्थ यही है कि उनके जीवन से जुड़े विषयों को सत्ता गम्भीरता से ले न कि उन पर चुटकुले बनाए। यह समझने का वक्त आ गया है कि विरोधी दल के नेताओं की गलती सुधारने से आटा सस्ता नहीं हो जायेगा। उन्हें मूर्ख साबित करने से रोजगार पैदा नहीं हो जायेंगे। जनता को सतर्क निगाहों से देखना होगा कि क्यों उनके सरोकारों को मजाक में तब्दील किया जा रहा है। यह एक गहरी चाल है क्योंकि इस सरकार के पास जवाब नहीं हैं। सच तो यह है कि जैसे–जैसे देश का राजनैतिक विमर्श दिग्भ्रमित, ज्ञानहीन और विवेकशून्य होता जा रहा है वैसे–वैसे अंड–बंड बयानों की बहार है। एक–दूसरे की गलतियां ढूंढ़ने का प्रतिफल यह है कि मुद्दों पर न तो ठोस चर्चा हो रही है और न ही उनके हल निकाले जा रहे हैं।

नागरिकों को पता नहीं चल रहा है कि महंगाई, बेरोजगारी, आवास, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली जैसे बुनियादी मुद्दों पर जिस तरह से लतीफे छोड़े जाते हैं वे उन तक देश की सही जानकारी को पहुंचने नहीं दे रहे हैं। इन मुद्दों पर जब बात की जाये तो उनका मजाक उड़ाने वाली सामग्री आनन–फानन में आईटी सेल देश भर में बिखेर देता है जिसे उनके कारिंदे दिन–रात मेहनत कर सोशल मीडिया (वाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब आदि) पर फैला देते हैं। पूरा देश दो धड़ों में विभाजित होकर इस पर आरोप–प्रत्यारोप में व्यस्त हो जाता है। सरकार बच निकलती है। यह सरकार और उसके प्रचार तंत्र का आजमाया हुआ और सफल नुस्खा है।



# सदस्यता अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने ली एबीवीपी की सदस्यता

सीतापुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर जिले के सदस्यता अभियान के निमित्त आज ऐलिया नगर इकाई के उदयपुर पब्लिक इण्टर कॉलेज में छात्र छात्राओं को सदस्यता अभियान चलाकर विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण करायी गई। एबीवीपी सीतापुर जिले के जिला संयोजक विजय शंकर पाण्डेय ने विद्यालय के प्रबंधक सहित सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं को एबीवीपी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता अभियान के निमित्त छात्र.छात्राओं को विश्व व्यापी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना काल से लेकर 75 वर्षों की यात्रा विषय पर मुख्य रूप से छात्र छात्राओं के बीच उदबोधन हुआ।

छात्रों को अभाविप द्वारा छात्र व समाज एवं राष्ट्र हितों के लिए किए जा रहे कार्यों को बताते हुए कहा गया कि विद्यार्थी परिषद छात्र छात्राओं में चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य के साथ कार्य करने वाला छात्र संगठन है। साथ ही बताया गया एबीवीपी ऐसा छात्र संगठन है। जिसके कार्य करनें का आधार मुख्यतरू कॉलेज कैम्पस है। विद्यार्थी परिषद ज्ञान शील एकता के उद्देश्य के साथ छात्र, समाज, राष्ट्र के उत्थान हेतु अग्रणी रहने वाला छात्र संगठन है। आज विद्यार्थी परिषद में शिक्षा के हर क्षेत्र व हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त अवसर हैं। आज एबीवीपी में मेडिकल के छात्रों के मेडिविजन, एग्रीकल्चर के छात्रों के लिए एग्रीविजन, फार्मा के छात्रों के लिए फार्माविजन, आदि प्लेटफॉर्मो के तहत पर्याप्त अवसर हैं। उन्होंने छात्रों के समक्ष परिषद के कार्यों व उपलब्धियों को भी साझा करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कलामंच के हुनरबाज नामक प्लेटफॉर्म के तहत विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले व विभिन्न स्किल्स वाले छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित कर स्किल डेवलपमेंट पर जोर देनें वाला छात्र संगठन है। इस अवसर पर सीतापुर तहसील सह.संयोजक अमन दीक्षित व नगर सह.मंत्री शोभित तिवारी की उपस्थिति रही।

# कर्ज से परेशान मुनीम ने फांसी लगाकर दी जान

## सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत कई लोगों पर बकाया है पैसा

हरदोई ।कर्ज के लेन देन के चलते एक मुनीम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मुनीम ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। सुसाइड नोट में मुनीम ने उससे कर्ज लेने वालों के बारे में जिक्र कर रखा था। वहीं साथ ही उसने यह भी बताया कि वह खुद भी कर्जदार है ।पुलिस इस मामले में तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाई की बात कह रही है। कोतवाली देहात के मोहल्ला महोलिया शिवपार निवासी विनोद गुप्ता की पहले कोतवाली क्षेत्र में आढ़त की दुकान थी। विनोद गुप्ता ने काफी कर्ज ले रखा था। वह कर्ज चुकता नहीं कर पा रहे थे। कुछ लोगों ने विनोद से भी कर्ज ले रखा था। वह लोग कर्ज चुकता नहीं कर रहे थे। इसी के चलते विनोद गुप्ता काफी परेशान थे जिसके बाद उन्होंने फांसी लगाकर जान दे दी ।विनोद गुप्ता के दो बेटियां हैं।पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमे लिखा है कि प्रशासन महोदय, कई लोगों के ऊपर मेरा पहले से काफी कर्ज बकाया था। इन लोगों ने हमें बहुत परेशान किया। आश्वासन देते रहे लेकिन कर्ज वापस नहीं किया। निवेदन है कि यह रुपए मेरी बीवी और बच्चों को दिलवा दीजिए। मैं परेशानी में अपनी जान दे रहा हूं। कर्ज न देने वालों के नाम विमल मिश्रा– 10 लाख रुपए, कैलाश दीक्षित 2 लाख रुपए, छोटे 5 लाख रुपए, गुड्डू 50 हजार रुपए, मुकेश हलवाई 45 हजार रुपए ।सुसाइड नोट में यह भी लिखा है को हम पर भी कई लोगों का रुपया था लोगों का ब्याज भी देता था, लेकिन कुछ लोगों ने अपना रुपया सख्ती से मांगना शुरू कर दिया या हमें सहन नहीं हुआ ।मैं अपने परिवार को बहुत चाहता था। दीपक भैया और भाभी आप से हाथ जोड़कर निवेदन है कि अपनी बहन व मेरी दोनों बेटियों का साथ में रखना। राकेश राजू हाथ जोड़कर निवेदन है कि हमारी दोनों बेटियों की पढ़ाई व शादी में मदद कर देना । प्रमोद भैया व परम भैया हमारे परिवार को देखे रहना. विजय मामा हमारे परिवार की देखभाल कर लेना हाथ जोडकर निवेदन है। इसके बाद विनोद ने अपना नाम विनोद कुमार (बबलू) लिख कर बात खत्म कर दी ।सीओ सिटी विनोद द्विवेदी ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# बैठक में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय

सीतापुर। श्री–श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति आँख अस्पताल द्वारा स्थानीय शिवपुरी में दुर्गापूजा को लेकर बैठक एनएन चटर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान दुर्गा की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। समिति के महासचिव रंजीत दास ने बताया विगत दो वर्षों से कोरोना के कारण सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए दुर्गापूजा किया गया। इस वर्ष पूजन पूर्व की तरह भव्य तरीके से मनाया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष एनएन चटर्जी, महासचिव रंजीत कुमार दास, उपाध्यक्ष विश्वजीत पोले अतिरिक्त सचिव एस के दत्ता, अंजनी सिंह, सहायक सचिव आकाश राय, अरिंदम दास, अभय श्रीवास्तव, संदीप अग्निहोत्री, बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पंचनद छोड़कर बाकी जगहों पर नगर पंचायतों की बरसात हुई : अवनिकान्त बाजपेई

हरदोई ।शासनऔर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप पंचनद कटरी क्षेत्र को फिर एक बार मायूसी ही मिली ।कल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर विकास विभाग के 12 प्रस्ताव पास करके 4 विकासशील कस्बो को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया तथा इसके पूर्व जनपद के शाहाबाद और पाली के सीमा विस्तार का भी शासनादेश जारी हुआ वही पंचनद कटरी क्षेत्र के सबसे विकसित कस्बा हरपालपुर तथा तहसील मुख्यालय का गांव सवायजपुर इससे बंचित रहा। पंचनद विकास संघर्ष समिति के संयोजक अधिवक्ता अवनिकान्त बाजपेयी ने कहा कि शासन सत्ता बदली जनप्रतिनिधि बदले सबका साथ और सबका विकास भी चरितार्थ नहीं हुआ और 2008 में घोषित विकासशील कस्बा हरपालपुर अभी तक नगर पंचायत नहीं बन पाया। श्री बाजपेई ने बताया कि 2008 से लेकर अभी तक क्षेत्र के सामाजिक संगठन, विभिन्न राजनीतिक दल समय–समय पर नगर पंचायत का दर्जा दिलाने हेतु शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से लगातार मांग करते चले आ रहे है लेकिन पंचनद क्षेत्र के समग्र विकासहेतु इस विकासशील कस्बे को अभी तक नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल सका पंचनद संयोजक ने कहा कि अभी हाल में ही उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथियों एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री से हरपालपुर तथा सवायजपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने को ज्ञापन पत्र सौंपा था, लेकिन कल शासन द्वारा चार नए नगर पंचायतों का गठन संबंधित शासनादेश जारी किया गया उसमें हरपालपुर ब सवायजपुर नहीं है। श्री वाजपेई ने कहा कि वह और उनका संगठन इस पर खामोश नहीं बैठेगा और शीघ्र ही हरपालपुर और सवायजपुर में सामाजिक संगठनों समाजसेवियों तथा राजनीतिक दलों के लोगों से वार्ता कर जन जागरण अभियान तथा जन आंदोलन के संबंध में बैठकों का आयोजन करके शासन व प्रशासन का ध्यानाकर्षण तब तक करता रहेगा जबतक नगर पंचायतो का गठन का कार्य अमली जामा पहन लेगा।

# बदलते मौसम की मार, लगातार बीमार हो रहे बच्चे

सेवता (सीतापुर)। लगातार बदलते मौसम की मार बच्चों पर पड़ती हुई दिखाई दे रही है। मौजूदा समय में ज्यादातर बच्चे जुखाम बुखार खांसी उल्टी दस्त से पीडिघ्त हैं। मेलरिया बुखार ने भी लोंगों को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। हाल यह कि स्वास्थ्य महकमा इन बीमारियों से निपटने की कोशिश में जुटा हुआ है। बीते दो दिन पहले हुई रेउसा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवता में दिमागी बुखार व उल्टी दस्त से हुई दो बालकों की मौत से सेवता गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। मौत की खबर अखबार के माध्यम से प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जांच किया। जिसमें तो कुछ नए और मरीज पाये गए। तहरुन 65 वर्ष पत्नी हसनु, तकदीरा 17 वर्ष पुत्री रहीश गौसिया पुत्री अजीज को मेलरिया बुखार की पुष्टि गयी। जिनका इलाज जारी है। वहीं सेवता गांव निवासी हस्मतुन 17 वर्ष पुत्री हसनु कई दिनों से संदिग्ध बुखार से पीडिघ्त हैं। जिसका इलाज सीतापुर में किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। बीते कई दिनों से मौसम ने अपना रुख क्या बदला बीमारियां फैलनी शुरू हो गयी। वहीं सेवता प्रधान अनीता देवी ने एक सराहनीय कार्य करते हुए गांव में मशीन से धूएं का छिड़काव कराया। जिससे गांव वासियों को मच्छरों के प्रकोप से राहत की सांस ली जा सके।

# प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया पुरस्कृत

तम्बौर (सीतापुर)। प्राथमिक विद्यालय तंबौर द्वितीय में आजादी का अमृत महोत्सव के प्रतिभागियों को भारत विकास परिषद प्रगति शाखा, लखनऊ द्वारा पदक और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मुफ्ती मो. खबीर नदवी ने कहा कि बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शित करने प्रोत्साहन मंच की आवश्यकता होती है। हमें चाहिए कि ये दोनों चीजें इन्हें उपलब्ध कराकर इनके प्रतिभा को पहचानें और उन्हें निखारने का प्रयास करें। हर बच्चे में कोई ना कोई प्रतिभा छुपी होती है जरुरत है उन्हें पहचानने की। परितोष राजन ने बताया कि कला, रेखाचित्र, कविता और पोस्टकार्ड लेखन के क्षेत्र में प्रतिभा दिखाई है। प्रतिभागी उजैर आलम को प्रथम, रेनू को द्वितीय व लक्ष्मी को तृतीय पुरस्कार के अलावा अन्य को सांत्वना पुरस्कार, विशेष पुरस्कार और भागीदारी प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। इस मौके पर श्रीमती सबा, आरती श्रीवास्तव व धनंजय सिंह, अमरेश जायसवाल, गौतम नाग और प्रदीप तिवारी मौजूद रहे।

# मिस्टर एंड मिसेस ल्यूमिनस इंडिया 2022 के आयोजन में समाजसेवी आलोकिता श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित

## हरदोई के प्रसिद्ध समाजसेवी पत्रकार रहे स्व आलोक श्रीवास्तव की बेटी हैं आलोकिता

हरदोई ।अपने पिता श्री स्व आलोक श्रीवास्तव के समाज सेवा क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाने वाले कदमों का अनुगामी बनकर उनकी पुत्री आलोकिता श्रीवास्तव ने राजधानी लखनऊ में हुए मिस्टर एंड मिस ल्यूमिनस इंडिया 2022 के आयोजन में समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मान पाकर जनपद का गौरव बढ़ाया है ।उनके इस सम्मान से शुभचिंतक अविभूत हैं ।मालूम हो कि इस फैशन शो का आयोजन परफेक्ट पहनावा तथा एमवाई प्रोडक्शन के द्वारा गोमतीनगर स्थित क्लब गसटो में किया गया ।इस भव्य फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल की उपस्थिति रही ।मुख्य अतिथि के तौर पर एनएच फैशन एंड फिल्म्स के फाउंडर नीहिल मोहन श्रीवास्तव, बॉलीवुड प्रोड्यूसर दुर्गेश शर्मा की उपस्थिति रही, जहां पर विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में हरदोई से आलोकिता श्रीवास्तव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस शो का डायरेक्शन तथा कोरियोग्राफी उत्तर प्रदेश की बहु प्रचलित कंपनी संस्कृति इंटरनेशनल इवेंट्स एंड प्रोडक्शन हाउस के संस्थापक स्वेतांग प्रकाश चतुर्वेदी तथा उनकी टीम में सम्मिलित राखी रवीना ,अक्षांश प्रकाश सक्सेना, वासु त्रिपाठी तथा अश्लेषा सिंह द्वारा किया गया ।इस शो की ग्रूमिंग तथा कोरियोग्राफी गोमतीनगर स्थित दा नवाब होटल में हुई थी ।गौरतलब है कि इस फैशन प्रेजेंट में देश के अनेक भागों से बच्चों ने भागीदारी की और उसके साथ–साथ फैशन इंडस्ट्री को एक नया आयाम देने की कोशिश की गईस इस फैशन शो में किड्स को भी ध्यान में रखते हुए उनके लिए किड्स रनवे का भी आयोजन किया गया ।मिस कैटेगरी में विनर अनुष्का, फर्स्ट रनर अप ऐश्वर्या सिंह तथा सेकंड रनर अप शुभी त्रिपाठी हुई ।मिस्टर कैटेगरी में विनर अंकित ,फर्स्ट रनर अप सौरभ तथा सेकंड रनर अप अतुल रहे। इस फैशन प्रेजेंट में भारत के विभिन्न डिजाइनर तथा फोटोग्राफर की भी उपस्थिति रही,जिससे इस शाम को भव्य रूप से आयोजित किया जा सका।

# दिमागी बुखार से 1 सप्ताह में 4 की मौत, दर्जनों बीमार

परसेण्डी (सीतापुर)। परसेंडी विकासखंड के ग्राम पंचायत राही में दिमागी बुखार से 1 सप्ताह में 4 लोगों की मौत हो चुकी है। राम सिंह गुप्ता उम्र 44 वर्ष संतु गौतम उम्र 65 वर्ष पत्नी चंद्रिका गौतम उम्र 60 वर्ष पत्नी रमाकांत उम्र 65 वर्ष की मृत्यु हो चुकी है तथा राही ग्राम में दर्जनों लोग बुखार से पीडिघ्त हैं तथा निजी एवं सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। ग्रामीणों में बुखार आने से भय व्याप्त है। बच्चे अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी के द्वारा अभी तक कोई स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं ग्राम पंचायत में उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। राम सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण उनके परिवार वालों का बहुत बुरा हाल है। राम सिंह के परिवार में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है। परिवार वालों ने शासन से आर्थिक सहायता प्रदान करने के गुहार लगाई है।

# होमगार्ड का चिलम पीते वीडीयो वायरल

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली कस्बे के एक होमगार्ड का गांजे का कश लगाता हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो कस्बा के बिसवां चौराहा पर का बताया जा रहा है। बताते हैं कि उसने पहले से ही शराब भी पी रखी थी। बताते है कि उक्त वीडियो होमगार्ड धीरेंद्र पांडे का व है जो डियूटी पर तैनाती के दौरान वर्दी पहने हुए जमकर शराब पी और उसके बाद होमगार्ड चौराहे पर ही स्थित एक मंदिर परिसर में गांजा पी रहा था। किसी के द्वारा होमगार्ड का चिलम से गांजा पीते हुए वीडियो बनाकर शोशल मीडिया पर डाल दिया। जो काफी तेजी के साथ वायरल होने लगा। वहीं बताते हैं कि जब इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों को हुई तो होमगार्ड को बचाने के लिए लीपापोती शुरू हो गयी। सीओ यादवेंद्र ने बताया कि होमगार्ड की हरकत की सूचना उसके उच्च अधिकारियों को दे दी गयी है। विधिक कार्यवाही की जाएगी। वहीं बताते है कि होमगार्ड धीरेंद्र पांडे पर बीते महीनों में धारा 151 के तहत भी कार्यवाही हो चुकी है। इस मामले में भी धीरेंद्र का मेडिकल नहीं करवाया गया।

# प्रेमिका से मिलने उसके घर जाना प्रेमी को पड़ा महंगा

हरदोई ।प्रेमिका से मिलने उसके घर जाना प्रेमी को महंगा पड़ गया ।परिजनों ने प्रेमी को पकड़ लिया रस्सी से बांधकर घसीटा गया और उसकी चप्पलों से पिटाई भी की गयी है ।रस्सी से बंधे प्रेमी की पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।एएसपी ने कहा ,मामला संज्ञान में आया है कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो शाहाबाद कस्बे का बताया जा रहा है ।बताया जा रहा है कि प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को शक होने पर परिजनों ने पकड़ लिया और फिर तालिबानी सजा दे दी ।परिजनों ने प्रेमी को पकड़कर रस्सी से बांधा और चप्पलों से पीटा ।रस्सी से बंधे युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है ।युवक शाहाबाद कस्बे का ही रहने वाला है। बताया जाता है कि महिला के पति की काफी समय पहले मौत हो गई है ।युवक का किसी तरह से महिला से संपर्क हुआ ,जिसके बाद दोनों में प्रेम प्रसंग में चल गया ।युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए गया हुआ था इसी बीच परिजनों ने देख लिया और उसको पकड़ लिया बांधकर जमकर पीटा। युवक को बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है इस पूरे मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पत्नी की हत्या में फरार चल रहे ट्रक चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद । युवक ट्रक ड्राइवर को उसकी पत्नी के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.युवक पर आरोप लगा था कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को जला दिया था.मायका पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा था.पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि उसकी पत्नी का चाल–चलन ठीक नही था,वह अपनी ही मर्जी से सभी काम करती थी इसलिए उसे समाज मे नीचा देखना पड़ता था जिसकी बजह से परेशान होकर मैने अपनी पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या की थी

बताते चलें कि 25 अगस्त को मक्खनपुर थाना क्षेत्र के निहालपुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी.ससुरालीजनों द्वारा मृतका के शव को भी जला दिया था.मायका पक्ष की शिकायत पर मृतका के शव को अधजली अवस्था में चिता से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था. मृतका का नाम विनीता पत्नी अवनीश था. इस मामले में एक नया मोड़ उस वक्त आया जब मृतका के पिता ने विनीता के पति अवनीश के अलावा अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज के लिए हत्या और शव को जलाने का केस दर्ज किया था.पुलिस ने विनीता के पति अवनीश को गिरफ्तार कर लिया.थाना प्रभारी मक्खनपुर महेश सिंह ने बताया कि आरोपी अवनीश ट्रक ड्राइवर है.अवनीश ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी विनीता उसके नियंत्रण से बाहर थी और सभी काम अपनी मर्जी से करती थी इसलिए समाज मे बदनामी हो रही थी.इसीलिए उसकी हत्या कर दी.पुलिस ने उस दुपट्टे को बाजरा के एक खेत से बरामद कर लिया है जिससे उसने पत्नी की हत्या की थी

# तीन दिन से लापता युवक का शारदा सहायक नहर में मिला शव

बिसवां नगर (सीतापुर)। तीन दिन से लापता युवक का शव पैंतेपुर स्थित शारदा नहर के झाल में फंसा पाया गया। जानकारी प्राप्त होते ही परिजन पैंतेपुर के लिए रवाना हो गए। युवक की गुमशुदगी थाना कोतवाली बिसवां में दर्ज हो चुकी थी। कोतवाली इलाके बिसवां के मोहल्ला मुराऊ टोला निवासी हरीलाल पुत्र बलदेव ने कोतवाली में दी गई। तहरीर में आरोप लगाया था कि उसका पुत्र दीपू लखनऊ में बिसवां के बड़े चौराहे के निवासी एक युवक की सब्जी मंडी से सब्जी लेकर लखनऊ में ही ठेले पर रखकर फेरी लगाकर बेचता था। बीते पांच सितंबर को बिसवां के बड़े चौराहे पर रहने वाले उक्त आरोपी दो युवकों द्वारा दीपू को रात नौ बजे शारदा सहायक नहर पुरैनी पुल के पास से पकड़ लाये। आरोपियों ने उसके पुत्र दीपू को नहीं छोड़ा। उसका मोबाइल स्विच ऑफ कर आरोपियों ने रख लिया उसे गायब कर दिया है। . सुबह दीपू का शव पैंतेपुर में शारदा सहायक नहर झाल में पाया गया। कोतवाली पुलिस का कहना पैतेपुर स्थित शारदा सहायक नहर में शव मिला है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# ब्राह्मण चेतना परिषद की अध्यक्षा ने नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

## जिन्दपीर चौराहे का नाम परशुराम चौक रखे जाने और भगवान परशुराम की मूर्ति लगाने का दिया प्रस्ताव

हरदोई। ब्राह्मण चेतना परिषद की महिला विंग की अध्यक्षा पारिषा तिवारी ने नपा अध्यक्ष हरदोई सुखसागर मिश्रा मधुर को जिन्दपीर चौराहे का नाम परशुराम चौक रखे जाने और भगवान परशुराम की मूर्ति आवास विकास कालोनी में लगाने का प्रस्ताव संबंधी ज्ञापन नपा कार्यालय में कमिटी के साथ जाकर दिया। उनके साथ महिला कमेटी की सदस्या कंचन मिश्रा, विनीता पांडे, साधना शुक्ला ,विनीश शुक्ला,सदस्य अभिषेक तिवारी अतुल चतुर्वेदी सतीश शुक्ला अंबुज शुक्ला निहित मिश्रा कैप्टन राम किशोर शुक्ला कैप्टन बृज कांत मिश्रा कृष्ण कांत मिश्रा और अमित त्रिवेदी रानू उपस्थित रहे। दिए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि भगवान परशुराम चौक घोषित करने की मांग चलती आ रही है हम सबके आराध्य भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना का प्रस्ताव शीघ्र ही अमल में लाया जाए,इसके लिए आवास विकास कालोनी में मूर्ति लगाई जा सकती है यही नहीं,जिंदपीर चौराहे का नाम बदलकर परशुराम चौक रखे जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेताया कि यदि इस पर संज्ञान नही लिया जाता है तो ब्राह्मण चेतना परिषद संघर्ष करने को तैयार है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरदोई सुख सागर मिश्रा ने ज्ञापन लेकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

# तंत्र विद्या के माध्यम से तांत्रिक पर पांच लाख की ठगी का आरोप

फिरोजाबाद। तंत्र विद्या के नाम पर पांच लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिवार एसपी सिटी से मिलने पहुंचा। एसपी सिटी को पूरे मामले से अवगत कराने के साथ ही दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इससे पीड़ित को न्याय मिल सके।

बसईमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला छारबाग निवासी सोमवीर का कहना है कि उसकी बहन मानसिक रुप से परेशान रहती थी। तभी मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने बताया कि इस पर ऊपरी चक्कर है। महिला ने बताया कि सोफीपुर में एक भगत रहता है।

जो तंत्र विद्या करता है। वह तुम्हारी बहन को ठीक कर देगा। इस पर पीड़ित बहन को लेकर तांत्रिध्क के पास पहुंचा। तांत्रित ने उससे पूजा पाठ के नाम पर करीब पांच लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद भी उसकी बहन ठीक नहीं हो सकी।

इसके बाद भी आरोपी तांत्रित उससे और रुपये देने के लिए दबाव बना रहा है। रुपये न देने पर तंत्र विद्या से परिवार को तवाह करने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने एसपी सिटी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी तांत्रित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा ने पीड़ित परिवार को अश्वासन दिया है कि मामले की जांच कराकर दोषी तांत्रित के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

# अज्ञात मैजिक की टक्कर से बाइक सवार घायल

सिधौली (सीतापुर)। कस्बा के तहसील तिराहे के निकट हाइवे पर एक अज्ञात मैजिक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया हैं। भानु प्रताप पुत्र 40 वर्ष भगवानदीन निवासी चंदेरा थाना कमलापुर मोटरसाइकिल से जा रहा था। तभी तहसील तिराहे के पास लखनऊ की ओर से आ रही एक अज्ञात मैजिक ने टक्कर मार दी। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों उसे सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# वायरल निमोनिया से घट रहा अचानक ऑक्सीजन लेवल

देवरिया। मौसम में बदलाव होने से वायरल घर–घर में दस्तक दे दी है। लोग बीमार हो रहे हैं। वहीं, वायरल निमोनिया से भी लोग चपेट में आ रहे हैं। इस बीमारी में कोरोना वायरस जैसे लक्षण मिल रहे हैं। लंबे समय तक बुखार, खांसी रहने से कुछ मरीजों का ऑक्सीजन लेवल कम हो जा रहा है। ऐसे मरीज इमरजेंसी में आ रहे हैं।

मौसम में परिवर्तन का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। ठंड, गर्म के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। लोग वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीज बढ़ गए हैं। मेडिसिन विभाग में वायरल फीवर से पीड़ित तकरीबन तीस से चालीस लोग इलाज कराने आ रहे हैं। इसमें कुछ लोग वायरल निमोनिया से भी ग्रसित होते हैं। वहीं, इमरजेंसी में बुखार व सांस लेने में दिक्कत के मरीज पहुंच रहे हैं। इन मरीजों का ऑक्सीजन लेवल 80 से 84 प्रतिशत पहुंच जाता है।

इस तरह के मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट व दवा दी जा रही है। इससे अधिकांश मरीजों का कंट्रोल कर दिया जाता है। हालत में सुधार होने पर वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। इस समय वायरल निमोनिया से पीड़ित करीब सात मरीजों काशीनाथ, रामकिशुन, मिठाई, जितेंद्र, रामप्रकाश, राजकुमार, अजय सिंह का वार्ड में इलाज चल रहा है। ऑक्सीजन लेवल अधिक कम होने पर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है।

मेडिकल कॉलेज के टीबी व चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके सिंह ने बताया कि हर रोज ओपीडी में दस से बारह मरीज वायरल फीवर के आ रहे हैं। इसमें वायरल निमोनिया की चपेट में आने वाले करीब तीन से चार मरीज होते हैं। उन्होंने कहा कि वायरल संक्रमण जब फेफड़े तक पहुंच जाता है तो वायरल निमोनिया हो जाता है। मरीजों का एक्स–रे, सीटी स्कैन व सामान्य ब्लड जांच कराई जाती है और इलाज किया जाता है। सांस फूल रही है तो चिकित्सक को दिखाएं। एलर्जी से ग्रसित लोगों को सावधानी बरने की जरूरत है। वायरल को हल्के में न लें।

शुगर, सांस, टीबी रोग के मरीज बरतें सतर्कता

मेडिकल कॉलेज के फिजीशियन डॉ. विजय गुप्ता ने बताया कि को–मार्बिड डिजीज शुगर, सांस, टीबी, किडनी सहित कम इम्युनिटी वाले लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए। इन्हें वायरल निमोनिया होने पर गंभीर होने का खतरा अधिक रहता है। अधिकतर मरीज जिन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखना पड़ता है। वे पहले इन बीमारियों की चपेट में रहते हैं। मरीज के एक्स–रे में फेफड़े में संक्रमण स्पष्ट न होने पर सीटी स्कैन कराया जाता है। सावधानी बरतें, हल्की डाइट लें, तला, भूना न खाएं। नियमित योगा करना चाहिए। सर्दी, जुमान, बुखार, सांस लेने में दिक्कत होने पर चिकित्सक से शीघ्र संपर्क करना चाहिए।

लक्षणः तीन से चार दिन बुखार होना लगातार खांसी आना सीने में दर्द, सांस फूलना

ये बरतें सावधानीः ठंडी चीज का सेवन न करें फ्रीज के ठंडे पानी की जगह सामान्य पानी पीएं एसी का प्रयोग कम करें, निकलने के बाद सीधे धूप में न जाएं खान–पान पर ध्यान दें, प्रोटीनयुक्त भोजन का सेवन करें मास्क का प्रयोग करें

## विद्युत कर्मचारी पिता–पुत्र की वाहन की चपेट से मौत

देवरिया। देवरिया–सलेमपुर मार्ग पर पिता–पुत्र बाजार से घर लौटते समय .बनियापार मोड़ के पास वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पिता आठ माह पहले रिटायर हुए थे तो पुत्र संविदा पर ही विद्युत कर्मचारी थे। सदर कोतवाली क्षेत्र के बनियापार गांव निवासी अजीत यादव (35) उसरा बाजार में संविदा पर विद्यत कर्मचारी थे। उनके पिता ओमप्रकाश यादव (65) भी विद्युत कर्मचारी थे, जो आठ माह पहले बहराइच से रिटायर हुए थे। शाम करीब पांच बजे पिता–पुत्र एक ही बाइक पर सवार होकर सोनूघाट बाजार करने आए थे। घर लौटते समय वह बनियापार मोड़ के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान सलेमपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे वाहन की चपेट में आने गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने परिजनों को इसकी सूचना देकर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पिता–पुत्र दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर अजीत यादव पत्नी फुलकुमारी और मां सोना देवी सहित परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया था। ओमप्रकाश के दो पुत्र अजीत यादव और सुदामा यादव थे। इसमें वह बड़े पुत्र के साथ शाम को बाजार गए थे। छोटा पुत्र सुदामा यादव बहराइच में संविदा पर विद्युत कर्मचारी है। घटना के बाद लोगों ने वाहन तथा उसके चालक को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया।

## नदियों में गिर रहा शहर के नालों का गंदा पानी

देवरिया। नगर पालिका देवरिया, बरहज सहित अन्य नगर पंचायतों के आवासीय इलाकों के घरों का पानी सहायक नदियों के रास्ते बड़ी नदियों में गिर रहा है। इससे नदियों के पानी को स्वच्छ बनाने की राह में रोड़ा अटक रहा है। गंभीर यह कि किसी भी नगर निकाय में एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) की व्यवस्था नहीं है। जिला मुख्यालय से लगायत विभिन्न कस्बों में गंदा पानी छोटी–बड़ी नदियों में गिर रहा है। बिना ट्रीटमेंट के पानी गिरने से स्वच्छ पानी गंदा हो रहा है। आवासीय के अलावा औद्योगिक क्षेत्र का कचरा नाला के रास्ते नदियों में पहुंच रहा है। देवरिया नगर पालिका क्षेत्र के घरों का पानी कुर्ना नाला में जाता है। कुर्ना नाला करमेल, बनरही, कोरवा, मदनपुर गोला में गायघाट के पास राप्ती नदी से मिल जाता है। रुद्रपुर नगरीय क्षेत्र का गंदा पानी सेमरौना के पास बथुआ नाले मिल जाता है। डाला के पास कुर्ना नाला मिल जाता है, जो गायघाट के पास राप्ती नदी में मिल जाता है। बरहज नगर पालिका क्षेत्र का गंदा पानी सीधे थाना के पास सरयू नदी में गिरता है। इससे काफी गंदगी देखने को मिलती है। सलेमपुर, भटनी के नगरीय क्षेत्र का भी बिना ट्रीटमेंट के ही गंदा पानी छोटी गंडक नदी में उड़ेला जा रहा है, जो आगे जाकर राप्ती नदी में मिल जाती है। रामपुर कारखाना कस्बे का पानी करमैनी नाला से होकर छोटी गंडक नदी में गिर जाता है। इसके कारण नदियां प्रदूषित हो रही हैं, जनजीवन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसके बाद भी किसी भी निकाय में ट्रीटमेंट प्लांट लगाना तो दूर की बात है कार्ययोजना तक नहीं बनाई गई है। गंदा पानी गिरने के कारण नदियों को स्वच्छ रखने की राह में बड़ी दिक्कत आ रही है।

## सड़क हादसे में महिला घायल

कपरवार। स्थानीय चौराहा स्थित यूपी–बड़ौदा बैंक के निकट .. अज्ञात वाहन की चपेट से मनियापार गांव निवासी शालिनी सिंह (25) पत्नी जितेंद्र सिंह घायल हो गईं। जिन्हें 108 नंबर एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। शाम को जितेंद्र सिंह पत्नी की दवा कराकर बाइक से वापस घर जा रहे थे। इसी बीच बैंक के निकट विपरीत दिशा से आ रही तेज और अनियंत्रित वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे शालिनी घायल हो गईं। हादसा देखकर आसपास के लोग जुट गए।

## करंट की चपेट से अमेठी जिले के युवक की मौत

देवरिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के परसिया भंडारी गांव के पास करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वह अमेठी से पिकअप में मुर्गा लेकर आया था। अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कनकुपुर गांव निवासी दीपक कुमार (22) खलासी का काम करते थे। वह वारिसगंज से पिकअप चालक स्वामीनाथ मौर्या के साथ मुर्गा लेकर सोनूघाट के पास परसिया भंडारी गांव में पहुंचाने आए थे। मुर्गों को उतारने के बाद वाहन के ऊपर चढ़कर साफ–सफाई कर रहे थे। इसी बीच हाइटेंशन तार की चपेट में आने से झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## अराजक तत्वों ने बंधे का रेगुलेटर फाटक तोड़ा

धानी बाजार(महराजगंज)। क्षेत्र के ग्राम सभा नगवा के टोला कमनहा स्थित सिंचाई विभाग के नगवा लेहड़ा बंधे पर लगे रेगुलेटर के फाटक को .रात अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया। इसकी वजह से घोघी और पवह नाले का पानी तेजी से आसपास के गांवों की ओर बढ़ रहा है। .. सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नगवा ध्रुव सहानी को दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि बंधे के रेगुलेटर का फाटक टूट जाने से कमनहा और आसपास के गांवों सिकंदरा, कानापार, नगवा और ढोढ़घाट की ओर घोघी नाला का पानी तेजी से बढ़ रहा है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता मोहम्मद शरीफ का कहना है कि बंधे के रेगुलेटर को बंद करने के लिए बालू से भरी बोरी रखने की व्यवस्था की जा रही है। पानी कम होने पर रेगुलेटर में फाटक लगा दिया जाएगा।

## आरोपियों के खिलाफ कब चलेगा बाबा का बुलडोजरः पूर्व मंत्री

फरेंदा। पीड़ित परिवार के साथ अन्याय हुआ। आरोपियों की प्रताड़ना से तंग आकर शिक्षक ने खुदकशी की जिससे पूरा परिवार टूट गया। परिजन दहशत में हैं। आरोपी धमकी दे रहे हैं। प्रशासन गिरफ्तारी के बजाय उनको बचाने में जुटा है। सरकार का कोई भी जनप्रतिनिधि उनका हाल जानने नहीं पहुंचा। यह बात पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने फरेंदा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। पूर्व मंत्री ने कहा शिक्षक की मौत मानवता को झकझोर कर रख दी। चार दिन बीतने के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। प्रशासन सरकार के दबाव में सही जवाब नहीं दे रहा है। बुलडोजर की सरकार आरोपियों पर कब बुलडोजर चलाएगी। सरकार की नियत में खोट है। जरूरत पड़ी तो पूर्व मुख्यमंत्री भी पीड़ित परिवार से मिल सकते हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सपा सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

# विद्युत निगम : मानक के मुताबिक कर्मियों की तैनाती नहीं

### 36 टेक्नीशियन में से दो की नियुक्ति, सहायक कार्यकारी अधिकारी का पद रिक्त, भटक रहे लोग

महराजगंज। विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय में मानक के अनुसार कर्मियों की तैनाती नहीं है। इससे जहां जरूरी काम काज प्रभावित हो रहा है। वहीं, विद्युत से जुड़ी समस्याओं के समाधान कराने के लिए दफ्तर में आनेवाले लोगों को इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। चौकीदार से लेकर लेखाकार तक के पद रिक्त हैं। टेक्नीशियन भी मानक के मुताबिक तैनात नहीं हैं। जानकारी के अनुसार, विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय में दो लेखाकार की जगह पर एक की तैनाती है। अवर अभियंता 10 की तैनाती है। मानचित्रक का एक पद रिक्त है। टेक्नीशियन (लाइन) 36 की जगह पर दो की तैनाती है। टेक्नीशियन (विद्युत) 32 की जगह 16 की तैनाती है। सहायक कार्यकारी अधिकारी एक पद है लेकिन, कोई तैनात नहीं है। श्रमिक 23 की जगह चार की तैनाती है। कुल 90 पदों के सापेक्ष 44 की तैनाती है। 46 पदों पर तैनाती नहीं है। रिक्त पदों पर तैनाती नहीं होने से काम काज प्रभावित हो रहा है। प्रत्येक दिन कम से 40 से अधिक लोग कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचते हैं। विद्युत वितरण खंड प्रथम क्षेत्र में चार उपखंड सदर, परतावल, चौक बाजार, घुघली है। बिजली के बिल एवं मीटर रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायतें ज्यादा आ रही हैं। लोगों को समस्या दूर कराने के लिए इधर–उधर भटकना पड़ रहा है।

बकाएदारों की कट रही बिजली

दस हजार से अधिक के बकाएदारों का कनेक्शन काट दिया जा रहा है। पावर कार्पोरेशन प्रबंधक निदेशक ने बकाया वसूली तेज करने का निर्देश दिया है। निगम की ओर से बकाया बिल वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। अगस्त में 15 करोड़ 65 लाख बिल जमा कराया गया। सितंबर में 1.25 करोड़ बिल जमा हो चुका है। सितंबर में 19 करोड़ जमा कराने का लक्ष्य है।

# चार नेपाली लड़कियों के साथ सोनौली का युवक व युवती गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। भारत दृ नेपाल की सोनौली बॉर्डर पर अवैध मानव तस्कर लड़कियों को लेकर भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। जिस पर एसएसबी और पुलिस दोनों पूरी



ा गतिविधियों की रोकथाम की जांच के क्रम में सोनौली पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल से भारत में घुसपैठ कर रही चार नेपाली लड़कियों को बरामद कर एक महिला एक पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खबरों के मुताबिक बीती रात को सोनौली के प्रभारी कोतवाल महेंद्र यादव एसएसबी जवानों को लेकर गश्त पर थे इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की तरह चौकन्ना होकर सोनौली रोडवेज डिपो के पास घेराबंदी कर संदिग्ध नेपाल से आने वाली चार लड़कियों को रोक लिया और उनसे गहन पूछताछ किया तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने बताया है कि नेपाल से पैसे का लालच देकर मानव तस्कर उन्हें भारत के महानगरों में ले जा रहे थे, किंतु वह अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाए और सोनौली बॉर्डर पार करते ही दबोच लिए गए। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल सोनौली महेंद्र यादव ने बताया कि चार लड़कियो के साथ दो एजेंट भी पकड़े गए हैं। जिनके नाम अंशु पुत्र दयाशंकर प्रसाद नि0 वार्ड नं0 12 घनश्याम नगर थाना सोनौली जनपद महराजगंज,एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो अदद मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद कर थाना एएचटीयू जनपद महराजगंज मे धारा 370 भा.द.वि का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश को पलीता लगाते सफाई कर्मचारी

### जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेश के बाद भी सफाई कर्मचारी नें नहीं किया आदेशित गांव में ज्वाइन

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। ब्लाक भनवापुर में सफाई कर्मचारियों के ब्लॉक के राजस्व गांवों में ही तैनाती का आदेश सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने 23ध05ध 2022 को 5 सफाई कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव का आदेश दिया था परंतु आज तक पेड़रा निवासी श्याम सुंदर सफाई कर्मचारी ने अपने तैनाती के गांव पेड़रा से महादेव गजपुर जो आदेशित गांव था जहां सफाई कर्मचारी श्याम सुंदर को साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए आदेशित किया गया था। परंतु भनवापुर एडीओ पंचायत के करीबी होने की वजह से आज तक पेडरा गांव में तैनात सफाई कर्मचारी श्याम सुंदर ने आदेशित गांव को ज्वाइन नहीं किया। 3 महीने बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत राज अधिकारी के आदेशों को नजरअंदाज कर एडीओ पंचायत की मिलीभगत से अभी तक पेडरा गांव में ही ड्यूटी कर रहे सफाई कर्मचारी। वही चार अन्य सफाई कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल हुआ था जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में ज्वाइन किया। प्रधान महादेव गजपुर ने बताया कि मई माह में कोई श्याम सुंदर सफाई कर्मचारी आए थे पर वह ज्वाइन नहीं किए चले गए तब से मेरे ग्राम पंचायत में कोई भी सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है मेरे द्वारा मेरे ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी की तैनाती को लेकर एडीओ पंचायत भनवापुर जिला पंचायत राज अधिकारी सिद्धार्थनगर को प्रार्थना पत्र दे चुका हूं पर अब तक कोई भी सफाई कर्मचारी मेरे गांव में तैनात नहीं हुआ गांव में साफ–सफाई को लेकर ग्रामीण बहुत चिंतित हैं। मेरे ग्राम पंचायत में जल्द ही सफाई कर्मचारी की तैनाती की जाए जिससे गांव की साफ सफाई हो सके। इस मामले में सहायक विकास अधिकारी भनवापुर पंचायत भनवापुर लाले का कहना है कि यह मामला गंभीर है सफाई कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा जाएगा कि क्यों नहीं ज्वाइन किए।

## शिक्षक के परिवार से मिले सपा नेता

फरेंदा/धानी(महराजगंज)। क्षेत्र के झांगपार में सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या किए प्रधानाध्यापक शिवकुमार विश्वकर्मा के घर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये अहेतुक सहायता देने की मांग की। सपा के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में पूर्व मंत्री पप्पू निषाद, पूर्व विधायक मोहसिन खान, विजय बहादुर यादव व निवर्तमान जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन शिक्षक के घर पहुंचे। जहां पर मृतक शिक्षक की पत्नी सरस्वती देवी, बेटी नंदनी, नंदिका व बेटे अमन व अमर कुमार से मिले। परिवार को न्याय का भरोसा दिलाते हुए पार्टी परिवार के साथ खड़ा होने की बात कही। पूर्व मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार प्रतिनिधि मंडल पहुंचा है। पूर्व मंत्री ने पुलिस अधीक्षक से मोबाइल पर वार्ता कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना के चार दिन बीतने के बाद भी आरोपी घूम कर परिवार के लोगों को धमकी दे रहे हैं। जिसके कारण लोग सहमे हुए हैं। ऐसे में उनको पुलिस सुरक्षा दिलाई जाए। इस दौरान पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, महेंद्र चौहान, अमित चौबे, परशुराम निषाद, राहुल शर्मा, सरयू यादव, रामललित मौर्या आदि मौजूद रहे।

## सिटीजन फोरम ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

महराजगंज। सिटीजन फोरम के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सभी पदाधिकारियों ने सेमरा राजा टोल प्लाजा पर होने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। पूर्व में समस्याओं को लेकर दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई के बारे में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने संगठन के पदाधिकारियों को प्रशासन की तरफ से किए गए प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि टोल प्लाजा पर चौड़ीकरण के लिए स्थानीय किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना था जिस पर किसान उच्च न्यायालय चले गए थे। किसानों ने विचार विमर्श करते हुए मामले को निस्तारित कर दिया है। आसपास की जमीनों का अधिग्रहण शीघ्र हो जाएगा जमीन मिलते ही सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। फोरम के अध्यक्ष डॉ. आरके मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी ने टोल प्लाजा की समस्या को गंभीरता से लिया है। टोल प्लाजा की सभी समस्याओं का समाधान होगा। टोल प्लाजा के पास से बिजली पोल हटेगा और तीसरी लाइन भी बनेगी। साथ ही शौचालय, रेस्ट हाउस इत्यादि संसाधन टोल प्लाजा पर होंगे। इस दौरान महासचिव विमल कुमार पांडेय, सचिव शमशुल हुदा खान, विधिक सलाहकार अवनीश नारायण त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दिलीप शुक्ला, मीडिया प्रभारी डॉ. शांति शरण मिश्र, रामप्रकाश गुप्त, गजेंद्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## लापता हुए वृद्ध का शव घर के सामने में पोखरी में मिला

पनियरा(महराजगंज)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कमासिन खुर्द में दो दिन से लापता वृद्ध का शव उसके घर के सामने पोखरी में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सोमवार भोर में पनियरा थाना क्षेत्र के कमासिन खुर्द निवासी चंद्रिका यादव (80) बिस्तर से उठकर घर के सामने पोखरी के पास गए थे। जहां पैर फिसलने से पोखरी में गिरकर डूब गए। वृद्ध चंद्रिका की बहू नीलम सुबह अपने ससुर को जगाने के लिए कमरे में गई, जहां वह बिस्तर पर नहीं मिले। उनका कपड़ा, तंबाकू अन्य सामान बिस्तर पर था। परिजन आस पास एवं रिश्तेदारों के वहां खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। नीलम ने .थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो सुबह चार बजे वृद्ध के घर सामने पोखरी में उसका शव मिला। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह का कहना है कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, इसलिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया धान की फसल का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती



राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा पिपरा भैया, बहादुरपुर एवं महोखवा में खेत में लगी धान की फसल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन मनोज कुमार सिंह ने जिला कृषि अधिकारी चाही गयी कि कितनी पैदावार होगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया कि 30–40 प्रतिशत तक पैदावार होने की संभावना है। इसके साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा खेत में उपस्थित किसानों से वार्ता की गयी और फसल के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, उपकृषि निदेशक ए0के0विश्वकर्मा, डी0सी0मनरेगा संजय शर्मा, डी0सी0एनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श आदि उपस्थित थे।

# औराही से मुसरधारा मार्ग पर जेसीबी मशीन से नाली खुदाई करने से चलना हुआ दुश्वार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पाइपलाइन बिछाने के दौरान लापरवाही बरतने से औराही–मुसरधारा मार्ग जेसीबी से आवागमन दूभर हो गया है।पाइपलाइन बिछाने के लिए जेसीबी मशीन से सड़क की खुदाई करने से चलना दुश्वार हो गया है। कार्य में लापरवाही भरे रवैये के कारण कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। इससे आवागमन करने वाले लोगों को दूसरे सड़क से आना जाना पड़ता है और करीब ढाई किलोमीटर दूरी ज्यादा चलना पड़ता है। घोरावल–राबर्ट्सगंज रोड से जुड़े औराही से मुसरधारा मार्ग वाया महुआंव पांडेय प्रधानमंत्री सड़क से महुआंव गोसाईं, केवटा, तेंदुई, डोमहर, मुसरधारा, गढ़वा, खजुरौल सहित दर्जनों गांवों को जुड़े हैं। करीब



8 किलोमीटर लंबी यह सड़क 4 महीने पहले बनी थी। राजू, महेश, रीना, रामलाल इत्यादि का कहना है कि करीब 8 दिन से इस मार्ग पर पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसका काम कराने वाले लोग लापरवाही भरे रवैये से काम करा रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने के दौरान जेसीबी मशीन से सड़क की खुदाई कर मिट्टी सड़क पर डाल दिया जाता है,फिर उसे पूरी तरह नही हटाया जाता है, जिससे सड़क पर आवागमन मुश्किल हो जाता है। वर्षा होने पर सड़क कीचड़मय हो जाता है। खुदाई से यह सड़क पूर्णतया जर्जर हालत में हो गई है। इस सड़क से विभिन्न स्कूलों कालेजों के हजारों छात्र छात्राओं का प्रतिदिन आना जाना है। विशेष रूप से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों व अन्य विद्यालय के पढ़ने वाली छात्राओं को घोर परेशानी होती है, जो आए दिन सड़क पर पड़ी मिट्टी व फिसलन से गिरकर घायल हो जा रही हैं। बाइक व साईकिल सवार आए दिन गिर जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सम्बंधित अधिकारी व जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## विद्युतीकरण एवं जलापूर्ति की उठाई मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ओबरा मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी के नेतृत्व में गुरुवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड को ज्ञापन सौंपा। सोनी ने बताया कि नगर पंचायत ओबरा के विस्तारित क्षेत्र के न्यू कॉलोनी व ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के वार्ड 9 में विद्युतीकरण अंतर्गत विद्युत पोलों को लगाया जाना अनिवार्य है।, क्योंकि उक्त स्थानों पर लकड़ी के खंबे एवं बांसों द्वारा विद्युत व्यवस्था का संचालन अस्थाई रूप से किया जा रहा है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना



घटित हो सकती है, और बिल्ली मारकुंडी के वार्ड 9 में सरकार की हर घर नल योजना अंतर्गत पाइप लाइनें दौड़ाकर जलापूर्ति कराई जा रही है, लेकिन कनेक्शन अनुसार पाइप की क्षमता कम है, और वही दूसरी ओर प्लास्टिक की पाइपों के सड़क पर होने के कारण आए दिन भारी वाहनों के द्वारा पाइपों को तोड़ दिया जा रहा है, जिससे कई कई दिनों तक जलापूर्ति बाधित हो रही है । इसलिए उक्त स्थानों पर कास्ट आयरन की पाइप लगाकर पुनः कनेक्शनों को वितरित किया जाए। जनहित में मांगो की प्रतिपूर्ति के लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री गोंड द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय जनता पार्टी डाला मंडल के अध्यक्ष दीपक दुबे, भाजपा नेता तेजवंत पांडे, युवा मोर्चा के मंडल मंत्री रिजवान अहमद, सोशल मीडिया प्रमुख प्रशांत सोनी, संजय जयसवाल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ शातिर लुटेरा गिरफ्तार

गोरखपुर। जनपद गोरखपुर में अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्ग निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैण्ट के मार्गदर्शन में शशि भूषण राय प्रभारी निरीक्षक कैण्ट पुलिस की टीम द्वारा मु0अ0सं0 702ध्2022 धारा 392 भादवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर से सम्बन्धित अभियुक्त वीर सिंह पुत्र राजेश चौहान निवासी मिर्जापुर पंचपेड़वा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर को लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस के अनुसार 7 सितंबर 22 को वादी मुकदमा द्वारा अपनी मोबाइल की छीनैती के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया । इस सूचना पर उ0नि0 मृत्युंजय राय मय टीम के त्वरित कार्यवाही से अभियुक्त वीर सिंह पुत्र राजेश चौहान निवासी मिर्जापुर पंचपेड़वा थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर को लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त द्वारा पूछने पर बता रहे है कि कल 7 सितंबर को मैं अपने साथी विशाल चौहान पुत्र गणेश चौहान निवासी मिर्जापुर पंचपेड़वा थाना गोरखनाथ गोरखपुर के साथ मिलकर इसी मोटरसाईकिल से जिसे मैं चला रहा था स्टेशन से धर्मशाला के बीच में एक आदमी से उसका मोबाईल छीने थे । आज भी हम लोग पुनः इसी फिराक में आये थे कि आप लोग चेकिंग कर रहे थे तो हम लोग भागने लगे विशाल चौहान मौका पाकर भाग गया सड़क पर जाम होने के कारण मैं पकडा गया । छीनी गयी मोबाईल मेरे दोस्त विशाल चौहान के पास है । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

## अपहरण का आरोपी गिरफ्तार अपृहता बरामद

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के द्वारा वांछित अभियुक्तो की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली गोरखपुर के निर्देशन में थाना तिवारीपुर की पुलिस टीम द्वारा थाना तिवारीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 129ध्22 धारा 363,366 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दुर्गेश गौड़ पुत्र श्याम बिहारी गौड़ निवासी ग्राम पाली थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया । मुकदमा से सम्बन्धित पीड़िताध्अपृहता को बरामद किया गया।

# ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने हीरों की बिक्री के लिये डी बीयर्स फॉरएवरमार्क से मिलाया हाथ

**गोरखपुर**। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स इस साझेदारी के तहत दुनिया के सबसे कठिन परीक्षण से गुजर कर चुने गए हीरों से बने आभूषणों की बिक्री करेगा।

उक्त मौके पर फिल्मस्टार मौनी रॉय अपनी उपस्थिति ने लॉन्च समारोह आयोजित हुआ। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स अब गोरखपुर में भी विश्व प्रसिद्ध फॉरएवरमार्क डायमंड सॉलिटेयर की रेंज के आभूषणों की बिक्री करेगा । इसके लिए ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने अग्रणी और भरोसेमंद डायमंड ज्वैलरी ब्रांड डी बीपर्स फॉरएवरमार्क के साथ साझेदारी की है । इस महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा के समय जानीमानी फिल्म स्टार , मौनी रॉय स्वयं दुनिया के सबसे खूबसूरत प्राकृतिक डी बीयर्स फॉरएवरमार्क हीरे पहनकर उपथित थीं । फिल्म स्टार मौनी रॉय के साथ , ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के चेयरमैन अतुल सराफ और ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर अनूप सराफ ने स्पेशल डी बीयर्स फॉरएवरमार्क कलेक्शन का अनावरण किया । इस अवसर पर ऐश्प्रा जेम्स



एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर सौमित्र सराफ ने कहा कि ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स और डी बीयर्स फॉरएवरमार्क दोनों ही , काफी सावधानी पूर्वक और असाधारण गुणवत्तापूर्ण डिजाइन वाले आभूषणों के निर्माण विश्वास रखते हैं । दोनों ही प्रतिष्ठानों की यह विशेषता इस साझेदारी को एक आदर्श सहयोग बनाते हैं । गोरखपुर में अपने ग्राहकों के लिए 134 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़ना,जो केवल सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले प्राकृतिक हीरे पेश करता हो और जो चयन के लिए एक कठोर प्रक्रिया अपनाता हो , हमारे लिए बेहद सौभाग्य की बात है। डी बीपर्स फॉरएवरमार्क के जनरल मैनेजर अमित प्रतिहारी ने कहा ष डी बीपर्स फॉरएवरमार्क के हीरे दुनिया के सबसे सावधानी से चुने गए हीरे हैं और ऐशप्रा जेम्स एंड ज्वेल्स अपनी पारदर्शिता , विश्वास और क्वालिटी के लिए जाने जाते है । गोरखपुर मार्केट में लॉन्च करने के लिए हमें ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के साथ हाथ मिलाकर गर्व महसूस हो रहा है । हम केवल उन रिटेल विक्रेताओं के साथ सहयोग करते हैं जो हमारे ब्रांड के मुताबिक बिजनेस स्टैंडड्स को भी पूरा करते हैं । अपने कलेक्शन को ऐशप्रा जेम्स एं ओल्स के स्टोर पर लॉन्च करके , हम एक लंबे समय तक जारी रहने वाले व्यवसायिक साझेदारी की उम्मीद करते हैं । ष इस अवसर पर फिल्म स्टार , मौनी रॉय ने कहा , ष गोरखपुर में ब्रांड लॉन्च करने के लिए ऐश्ना जेम्स एंड वेल्स और डी बीयर्स फॉरएवरमार्क का साथ आना वास्तव में एक सम्मान की बात है । मुझे डी बीयर्स फॉरएवरमार्क की ज्वेलरी पहनना एक स्पेशल फीलिंग दे रहा है । प्रत्येक डो बीपर्स फॉरएवरमार्क हीरा एक यूनिक आईडी के साथ आता है । यह बेहद सावधानी से चुने गए सुंदर दुर्लभ और प्राकृतिक हीरे हैं। ऐश्प्रा के ग्राहकों के पास आने वाले त्योहारी सीजन में अपने विश्वसनीय ब्रांड से चुनने के लिए डायमंड ज्वैलरी की एक विस्तृत श्रृंखला होगी । ष स्टोर पर फॉरएवरमार्क अवंती कलेक्शन , फॉरएवरमार्क आइकॉन कलेक्शन , फॉरएवरमार्क सेटिंग , टूगेदर कलेक्शन और एनकोडिया कलेक्शन से कई तरह के अंगूठियां , झुमके , पेंडेंट , ब्रेसलेट की विस्तृत रेंज शोकेस की आएगी

# रावर्ट्सगंज गोरारी मंदिर पर हो रहे नव दिवसीय रूद्र संगीत



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। ह्युमन राइट्स वेलफेयर एसोसिएशन सोनभद्र की महिला प्रदेश अध्यक्ष उ प्र कोमल पाण्डेय जिलाध्यक्ष विजय शंकर पाण्डेय महामंत्री ज्वाला शंकर चतुर्वेदी जिला मिडिया प्रभारी विशाल सिंह द्वारा त्रिमूर्ति धाम गोरारी राबर्टसगंज सोनभद्र में हो रहे नवदिवसिय रूद्र संगीत मय कथा में जा कर मुख्य कथावाचक सुश्री विभा उपाध्याय पंडित आचार्य सौरभ भारद्वाज व आचार्य शिवम चतुर्वेदी को अंगवस्त्र धारण कराया गया। व यथाशक्ति दक्षिणा देकर कथा श्रवण करने का सुअवसर मिला। महिला प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष द्वारा मुख्य कथावाचक सहित सभी आचार्य गुरु जनों का आभार व्यक्त किया गया। व सभी देशवासियों के लिए मंगलकामना की प्रार्थना की गयी।

# उपजिलाधिकारी को कोटेदार संगठन ने दिया पत्रक

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। घोरावल तहसील परिसर में वृहस्पतिवार को क्षेत्र के कोटेदार संगठन के लोगों ने नौ सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी घोरावल को दिया। यह पत्र प्रदेश सचिव रमेश चंद्र शुक्ल के व तहसील अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दिया गया। संगठन की मांगों में आंगनबाड़ी केंद्र का खाद्यान्न की पल्लेदारी व भाड़ा नहीं दिया जाता है। एम डी एम का भुगतान कुछ लोगों का हुआ व कुछ लोगों का नहीं किया गया। गेहूं खरीद के समय खरीदा गया बोरा न तो वापस हुआ,न ही पैसा मिला। खाद्यान्न भी कम मिलता है। कुछ ग्राम प्रधान द्वारा भी परेशान किया जाता है। साथ ही तेल,नमक,चना दुकानदारों को कम मिलता है। खाद्यान्न वितरण का भुगतान अप्रैल माह से लेकर अबतक नहीं मिला है। प्रार्थना पत्र देकर संगठन के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी घोरावल से मांग किया है कि कोटेदारों का उत्पीड़न बंद हो। इस अवसर पर काशी नाथ, सुबास, रामेश्वर, पन्ना लाल, पुरुषोत्तम, प्रभु नारायण, कैलाश, राजेंद्र,खुशियाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# रेलवे ट्रैक पर गिरने से कांस्टेबल की मौत

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर में तैनात कांस्टेबल सलमान खुर्शीद की रैलवे ट्रैक पर गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त कांस्टेबल की ड्यूटी बढ़नी परसा रेलवे स्टेशन के मध्य किलोमीटर संख्या 109 ध्3,4 से 113ध्0,1 तक कांस्टेबल सलमान खुर्शीद मनकापुर के साथ तार सुरक्षा पेट्रोलिंग में लगाई गई थी। मृतक के साथ ड्यूटी कर रहे दूसरे हेड कांस्टेबल नजमुद्दीन द्वारा रात के करीब दो बजे सूचना दिया गया कि किलोमीटर संख्या 111 ध्2 पर सलमान खुर्शीद रेलवे ट्रैक पर गिर गया है जिसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई है उक्त सूचना पर बढ़नी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह स्टाफ के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि उक्त स्थान पर कांस्टेबल सलमान खुर्शीद गिरकर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है जिसे अनुबंधित चार पहिया वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी लाया गया जहां पर चिकित्सक द्वारा जांच करने पर उक्त कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया गया । मृतक हेड कांस्टेबल के शव को रेलवे सुरक्षा बल के जवान उसके घर पहुंचा कर शोक संवेदना प्रकट किया।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप मे वांछित गिरफ्तार, अपृहता भी बरामद

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के कुशल निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा के नेतृत्व में उ0नि0 दिनेश कुमार मय हमराह टीम द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर थाना चौरीचौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 343ध्22 धारा 376ध् 363ध् 366(क) भादवि0 व 5ध्6 पाक्सो एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त आकाश तिवारी पुत्र स्व0 उदय चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम छत्तरपुर्वा थाना परसपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार किया गया। सम्बन्धित अपहृताध पीड़िता को बरामद कर आशा ज्योति केन्द्र गोरखपुर भेजा गया । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# डायट प्राचार्य ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। निपुण भारत का चार दिवसीय प्रशिक्षण



जो ब्लाक संसाधन केन्द्र घोरावल में चल रहा है,चतुर्थ बैच के अन्तिम दिन जिला शिक्षा प्रशिक्षण के प्राचार्य विजय शंकर द्विवेदी ने नीरीक्षण किया। प्राचार्य महोदय ने संदर्भदाताओं से निपुण प्रशिक्षण का जायजा लेते हुये प्रशिक्षुओं से बात की और पूछा कि निपुण भारत के प्रशिक्षण कार्यक्रम को विद्यालयों में क्रियान्वित करना बहुत चौलेन्जिग है, आप कैसे करेंगे। प्रशिक्षुओं ने बेहतर ढंग से जबाब देकर अपनी प्रतिबद्धता दिखायी। प्राचार्य ने प्रशिक्षकों से बात करके उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उत्साहित किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने प्राचार्य को स्मृति चिन्ह व निपुण लक्ष्य की एक प्रति देकर सम्मान व्यक्त करते हुए समय से पूर्व विकासखंड घोरावल को निपुण घोरावल बनाने का संकल्प दोहराया। अन्त में सभी को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण की तारीफ की। इस अवसर पर एसआरजी बिनोद कुमार ,एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, अविनाश शुक्ल, मिथिलेश द्विवेदी, धर्मराज सिंह सहित सैकडों प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# इन लोगों के लिए घातक साबित हो सकता हैं चुकंदर का सेवन, समझदारी से लें काम

सुपरफूड की बात करें तो इसमें चुकंदर का नाम भी शामिल किया जाता हैं जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होता हैं। ज्यादातर लोग इसे थाली में सलाद, सब्जी या फिर जूस के रूप में अपने डाइट में शामिल करते हैं। चुकंदर कई तरह के फायदे पहुंचाने का काम करता है और बीमारियों से बचाता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि चुकंदर हमेशा फायदा ही पहुंचाता हैं बल्कि कई लोग ऐसे होते हैं जिनके लिए चुकंदर का सेवन घातक साबित होता हैं। आज इस कड़ी में हम आपको ऐसे लोगों की जानकारी देने जा रहे है जिन्हें चुकंदर का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। आइये जानते हैं इनके बारे में...

पथरी रोगियों के लिए

क्लिनिकल न्यूट्रिशन रिसर्च के अनुसार, चुकंदर ऑक्सालेट से भरपूर होता है जिसका अधिक सेवन किडनी में पथरी बनने का खतरा बढ़ा सकता है। यदि आपको पहले से पथरी है तो इसे खाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि चुकंदर यूरिन ऑक्सालेट के उत्सर्जन को भी बढ़ा देता है, जिससे कैल्शियम ऑक्सालेट के कारण किडनी में स्टोन का खतरा अधिक हो सकता है।

लिवर के मरीजों के लिए

स्टडीज से पता चलता है कि चुकंदर का अत्यधिक सेवन करने से लिवर की भी समस्या हो सकती है। चुकंदर में कॉपर, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम होते हैं। ज्यादा मात्रा में ये मिनरल्स लिवर में जाकर जमा होने लगते हैं और इसे नुकसान पहुंचाते है। चुकंदर ज्यादा खाने से शरीर में कैल्शियम की मात्रा कम होने लगती है जिससे हड्डियों की समस्या बढ़ जाती है।



डायबिटीज रोगियों के लिए

चुकंदर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 61 होता है, ऐसे में डायबिटीज में चिकित्सक इसे बहुत कम मात्रा में ही खाने की सलाह देते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि डायबिटीज के रोगियों को 55 से अधिक ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजों से परहेज करना चाहिए, ये तेजी से ब्लड शुगर के लेवल को बढ़ा देती हैं। डायबिटीज रोगियों में अक्सर हीमोग्लोबिन की समस्या देखने को मिलती है, चुकंदर इस कमी के लिए तो फायदेमंद हो सकता है पर इसके सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह जरूरी है।

लो ब्लड प्रेशर वाले मरीजों के लिए

जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर लो रहता है उनके लिए चुकंदर खाना हानिकारक हो सकता है, चुकंदर के सेवन से ब्लड प्रेशर और भी कम हो जाता है। चुकंदर में मौजूद नाइट्रेट शरीर के भीतर नाइट्रिक ऑक्साइड में परिवर्तित हो जाते हैं। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को आराम देने और रक्त को पतला करने में मदद करता है, जिससे रक्तचाप कम होता है। ऐसे में पहले से ही लो ब्लड प्रेशर के शिकार लोगों की इससे समस्या बढ़ सकती है।

एलर्जी वाले मरीजों के लिए

चुकंदर की वजह से एनाफिलेक्सिस की भी समस्या हो सकती है। हालांकि इसके मामले बहुत कम ही देखने को को मिलते हैं। ये एक तरह की एलर्जी की समस्या होती है जिसकी वजह से स्किन पर चकत्ते, खुजली, सूजन या फिर अस्थमा के भी लक्षण आने लगते हैं। ऐसी स्थिति में चुकंदर का सेवन ना करने की सलाह दी जाती है।

गर्भवती महिलाओं के लिए

चुकंदर में नाइट्रेट की मात्रा गर्भवती महिलाओं के लिए भी समस्या बढ़ा सकता है, गर्भवती महिलाएं नाइट्रेट के प्रभाव के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। यह गर्भावस्था के बाद के चरण के दौरान रक्त में मेथेमोग्लोबिन के स्तर में वृद्धि का कारण बन सकता है। इसके कारण ऊर्जा की कमी, सिरदर्द, चक्कर आना, आंखों, मुंह, होंठ, हाथ और पैरों के आसपास की त्वचा का नीला–ग्रे पड़ जाने जैसी समस्या हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान आहार को लेकर विशेषज्ञों की सलाह लेते रहना आवश्यक हो जाता है।

## ध्वनि भानुशाली ने अपना नया गाना एक तरफा किया रिलीज



गायिका ध्वनि भानुशाली ने अपना नया गाना एक तरफा रिलीज किया। संदीप गौर के गीत के साथ गौरव चटर्जी द्वारा रचित रोमांटिक गाने में, गायिका ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा है। ट्रैक, जो एकतरफा प्यार की कहानी कहता है, में बांसुरी वादन भी है जो कुछ हद तक जब वी मेट के आओगे जब तुम जैसा है। गाने के बारे में बात करते हुए, ध्वनि ने कहा, एक तरफा उस तरह के गानों से बहुत अलग है जो मैंने पहले किया है। इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की है और यह बहुत खुबसूरत गाना है। एक तरफा एक बेहद खास गाना है और हमने इसे बहुत प्यार दिया है, और मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसक इसे पूरा प्यार देंगे। संगीतकार गौरव चटर्जी ट्रैक के मूड और भावनाओं में उदासी की भावना का संचार करना चाहते थे, इसलिए हमने एक साधारण राग बजाया जो उदासी को प्रतिबिंबित कर सके। गौरव ने कहा, हमने इसके लिए माधुर्य को वास्तव में सरल लेकिन उदास रखा है। एक तरफा एक भावपूर्ण गीत है। विनोद भानुशाली द्वारा प्रस्तुत एक तरफा हिट्ज म्यूजिध्क पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

## दो भागों में रिलीज होगी वेत्रिमारन की विदुथलाई




ऐस निर्देशक वेत्रिमारन की उत्सुकता से प्रतीक्षित आगामी फिल्म, विदुथलाई, जिसमें सूरी मुख्य भूमिका में हैं और अभिनेता विजय सेतुपति वाथियार के रूप में हैं, दो भागों में रिलीज होंगी। निर्माताओं द्वारा इसकी घोषणा कर दी गई है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म के दोनों हिस्सों – विदुथलाई –1 और विदुथलाई –2 को अभिनेता, निमार्ता और राजनेता उदयनिधि स्टालिन के प्रोडक्शन हाउस, रेड जाइंट मूवीज द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। विदुथलाई–1 की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है और पोस्ट–प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। विदुथलाई–2 की शूटिंग खत्म होने में कुछ ही हिस्से बचे हैं, जो इस समय सिरुमलाई और कोडाईकनाल में हो रहा है। आरएस इंफोटेनमेंट के एलरेड कुमार द्वारा निर्मित, विदुथलाई फ्रैंचाइजी को भारी बजट में बनाया जा रहा है। फिल्म की भव्यता जबरदस्त चर्चा पैदा कर रही है। हाल ही में, फिल्म के लिए 10 करोड़ रुपये की लागत से एक ट्रेन और रेलवे पुल बनाया गया था। विदुथलाई के निर्माताओं का कहना है कि यह एक गहन कहानी है जिसे दर्शकों को आकर्षित करने के लिए उचित कहानी कहने की आवश्यकता है। यही कारण है कि वे कहते हैं कि उन्होंने कहानी को दो अलग–अलग हिस्सों में तोडने का फैसला किया। विदुथलाई की स्टार कास्ट में विजय सेतुपति, सूरी, भवानी श्री, प्रकाश राज, गौतम वासुदेव मेनन, राजीव मेनन और चेतन शामिल हैं। उस्ताद इसैग्नानी विदुथलाई के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं, जिसमें वेलराज की छायांकन है।

## अभिनेता जयम रवि अभिनीत सायरन पर काम हुआ शुरू



निर्देशक एंटनी भाग्यराज की एक्शन एंटरटेनर सायरन पर काम शुरू हो गया है। फिल्म में अभिनेता जयम रवि मुख्य भूमिका में हैं।

होम मूवी मेकर्स की सुजाता विजयकुमार द्वारा प्रोड्यूस की जा रही इस फिल्म की यूनिट से जुड़े सूत्रों का कहना है कि, यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी और इसका बजट भी भारी भरकम होगा।

फिल्म ने फिल्म प्रेमियों का भी ध्यान खींचा है क्योंकि एंटनी भाग्यराज, जिन्हें इरुंबु थिरै और विश्वसम जैसी सुपरहिट फिल्मों में एक लेखक के रूप में सराहा गया था, इस फिल्म के साथ निर्देशक के रूप में अपनी शुरूआत कर रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि, इस फिल्म में जयम रवि एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जो उन्होंने अपनी अब तक की किसी भी फिल्म में नहीं निभाया है। पारिवारिक भावनाओं से भरपूर इस एक्शन–थ्रिलर में अभिनेत्री कीर्ति सुरेश पहली बार जयम रवि के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। अभिनेत्री अनुपमा परमेश्वरन भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी, जिसमें हास्य अभिनेता योगी बाबू और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समुथिरकानी भी होंगे। हाल ही में रिलीज हुए सायरन के मनोरंजक फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर ने फिल्म से उम्मीदें बढ़ा दी हैं। फिल्म में संगीत जी.वी. प्रकाश और छायांकन सेल्वाकुमार एसके का है।

